


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 103 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 12 जनवरी 2024 डाक 13 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
आज नई दिल्ली के रमेश नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोग 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ लेते हुए...



**देश-विदेश**
ईवीएम को लेकर जनता की आशंका दूर कर रहा है चुनाव आयोग, मतदाताओं को जागरूक करने की पहल शुरू



**फीचर पेज**
टमाटर को फ्रिज में रखकर खाना बॉडी में जहर की तरह करता है काम





## पीएम मोदी का नासिक में रोड शो, रामकुंड और श्री कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना भी की

**नासिक, 12 जनवरी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले नासिक में रोड शो किया। इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार शामिल मौजूद थे। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गोदावरी नदी किनारे स्थित रामकुंड में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे श्री कालाराम मंदिर पहुंचे और यहां भी पूजन किया।

# गर्भगृह में मैं अकेला नहीं जाऊंगा..., राम मंदिर के संदेश में मां को याद कर भावुक हुए पीएम मोदी

**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**



अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले पीएम मोदी का बयान सामने आया है। पीएम ने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अब केवल 11 दिन ही बचे हैं और मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं और मैं सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि इस समय मेरे लिए अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है। पीएम ने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा होना मेरे लिए भावुक करने वाला समय है। पीएम ने इसी के साथ कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि ईश्वर के यज्ञ के लिए स्वयं में भी दैवीय चेतना जगानी होती है। इसके लिए व्रत और कठोर नियम बताए गए हैं और मैं नासिक के पंचवटी से अनुष्ठान करने जा रहा हूं। इस संदेश में पीएम मोदी ने अपनी मां को भी याद किया। मां का जिक्र कर पीएम मोदी भावुक हो गए। साथ ही पीएम मोदी ने ये भी बताया कि वह राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू करने जा रहे हैं। ऑडियो संदेश के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद की जयंती है, जिन्होंने हजारों वर्षों से आक्रांतित भारत की आत्मा को झकझोरा था।

आज वह आत्मविश्वास भव्य राम मंदिर के रूप में हमारी पहचान बनकर सबके सामने है। सोने पर सुहागा ये है कि आज माता जीजाबाई जी की जन्म जयंती है, जिन्होंने छत्रपति शिवाजी के रूप में एक महामानव को जन्म दिया। पीएम मोदी ने कि जब जीजाबाई का जिक्र कर रहा हूं तो सहज ही मुझे अपनी मां की भी याद आना स्वाभाविक है। मेरी मां जीवन के अंत तक माला जपते हुए सीता-राम का ही नाम भजा करती थीं।

## बीजेपी नेता असीम राय की हत्या मामले में 12 आरोपी गिरफ्तार कांग्रेस नेता का भी नाम आया सामने

**कांकेर।** जिले के पखांजूर में पिछले दिनों बीजेपी नेता असीम राय की हत्या मामले को पुलिस ने सुलझा लेने का दावा किया हैं। पुलिस आज इस पूरे हत्याकाण्ड का खुलासा कर सकती हैं। वही खुलासे से पहले मिली जानकारी के मुताबिक इस हत्याकांड के पीछे सियासी साजिश बताई जा रही हैं जबकि साजिश रचने वाले कोई और नहीं बल्कि कांग्रेस के दो नेता है। यह मर्डर सुपारी किलिंग थी जबकि मुख्य शूटर अब भी फरार हैं। जानकारी यह भी मिली हैं कि इस पूरे मर्डर केस में करीब एक दर्जन से ज्यादा लोगों की संलिप्तता हैं। फिलहाल 12 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। आज दोपहर इस पूरे मसले पर पुलिस पीसी करेगी।

# भोपाल में स्कूली बच्चों संग मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया सूर्य नमस्कार, समझाया योग का महत्व

**भोपाल, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

आज विवेकानंद जयंती है, जिसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर आज प्रदेश के स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। राज्यस्तरीय प्रमुख आयोजन राजधानी के शिवाजी नगर में स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव भी सम्मिलित हुए। उन्होंने यहां स्कूली बच्चों के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। इससे पहले उन्होंने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में बच्चों को योग का महत्व समझाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि आज भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। आज से 100 साल पहले स्वामी विवेकानंद जी ने जो घोषणा की थी कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी, आज हम सभी देख रहे हैं कि दुनिया के हर क्षेत्र में भारत की साख बढ़ी है। आज हम सब देख रहे हैं कि भारत कदम-कदम पर पल-प्रतिपल अनेकों उपलब्धियां हासिल कर रहा है। आज



पृथ्वी से लेकर चंद्रयान तक और गगनयान के माध्यम से आदित्य यानी सूर्य तक भारत अपनी साख और धाक जमा रहा है। आर्थिक, सामाजिक, खेल समेत हर क्षेत्र में भारत का मान-सम्मान बढ़ रहा है।

सीहोर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन आवसीय खेलकूद परिसर में प्रातः 9 बजे से किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ आशीष तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर सहित शिक्षक और विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया।

## जब भी जमानत याचिका पर सुनवाई होती है, तभी..., ईडी ने सत्येंद्र जैन की सेहत पर जताई हैरानी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सत्येंद्र जैन की सेहत को लेकर हैरानी जताते हुए कहा कि जब भी जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई होती है, तभी वह बेहोश हो जाते हैं। एसवी राजू ने जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष कहा कि ऐसा कहा जाता है कि बिजली कभी भी एक ही जगह पर दो बार नहीं गिरती।

# ममता के मंत्री पर ईडी का शिकंजा, सुजीत बोस और तपस रॉय के ठिकानों पर छापेमारी जारी

**कोलकाता, 12 जनवरी [एजेंसी]।**



पश्चिम बंगाल में आज फिर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। ममता के दो मंत्रियों सुजीत बोस और तापस रॉय के ठिकानों पर आज ईडी ने छापामारी की है। ईडी ने इसी के साथ उत्तरी दमदम नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवास पर भी छापेमारी की। ईडी ने कथित नगर निगम नौकरी घोटाला मामले के सिलसिले में कोलकाता में बंगाल के नेताओं के आवास पर सुबह-सुबह छापेमारी की है। कुछ दिन पहले ही राशन घोटाले में छापामारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला किया गया था। हमले में कई अधिकारियों को चोट भी आई थी और गाड़ियों के शीशे भी फोड़े गए थे। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ममता सरकार से रिपोर्ट भी तलब की थी। ईडी ने इससे पहले टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी की थी।

छापेमारी के दौरान ही ईडी की टीम पर शाहजहां के समर्थकों द्वारा हमला बोल दिया गया था। हमले में कई अधिकारियों को तो गंभीर चोट भी आई थी और कई अधिकारियों का सिर भी फोड़ दिया गया था। हमले के बाद ईडी ने बंगाल में एफआईआर भी दर्ज कराई थी और अपनी रिपोर्ट में कहा था कि हमलावर उसके अधिकारियों को जान से मारने का इरादा रखे थे। अपने आरोप में ईडी ने कहा कि हमलावर लाठी, पत्थर और ईंट से भी लैस थे और उन्होंने अधिकारियों के निजी और आधिकारिक सामान जैसे मोबाइल, लैपटॉप और नकदी आदि भी छील लिए।

## मुंबई पुलिस ने किया ड्रग फैक्टरी का भंडाफोड़, एयरपोर्ट से 40 करोड़ की कोकीन के साथ महिला गिरफ्तार



**मुंबई, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

मुंबई पुलिस ने ड्रग फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। वहां से करोड़ों की ड्रग्स भी बरामद की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। जानकारी के मुताबिक, मुंबई की मालवणी पुलिस ने कांदिवली थाना क्षेत्र के लालजीपाड़ा इलाके की झुग्गी बस्ती में चल रही एक ड्रग फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है।

इस दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और 1.18 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ बरामद किए गए। इस बीच थाईलैंड की राष्ट्रीयता वाली 21 वर्षीय महिला को मुंबई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया है। उसके सामान से भारी मात्रा में कोकीन जब्त की गई। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 40 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

राजस्व खुफिया निदेशालय के मुताबिक, महिला को NDPS एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। महिला ने अदीस अबाबा से यात्रा की थी।



## सीएम ने जगनन्ना थोडु के तहत 431 करोड़ रुपये जारी किए

**विजयवाड़ा।** मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने जगनन्ना थोडु के तहत 431.58 करोड़ रुपये जारी किए, जिससे 3.95 लाख छोटे और सीमांत स्ट्रीट वेंडरों और कारीगरों को 10,000 रुपये या उससे अधिक के ब्याज मुक्त बैंक ऋण से लाभ हुआ। लगातार आठवीं बार जारी की गई राशि में 13.64 करोड़ रुपये की ब्याज छूट शामिल है, जिससे 5.81 लाख लाभार्थियों को लाभ होगा, जिन्होंने ऋण लिया है और उन्हें समय पर चुकाया है।

# सतना में सीवर लाइन गड्ढे में गिरा मजदूर, 22 फीट गहराई में फंसा, रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी 4 मशीनें



**सतना, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

शहर में सीवर लाइन प्रोजेक्ट के गड्ढे में एक मजदूर गिर गया है। मजदूर गड्ढे के अंदर मलबे में फंसा हुआ है। पिछले करीब एक घंटे से उसे बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। लेकिन अभी तक कामयाबी नहीं मिल पाई है। हादसा शहर के मारुति नगर क्षेत्र की शारदा कॉलोनी में हुआ है। बताया जाता है कि जमीन के अंदर मजदूर की लोकेशन लगभग 22 फीट गहराई में है। वह अभी सुरक्षित बताया जा रहा है। उसे बचाने के प्रयास लगातार जारी है। जानकारी के अनुसार, 4 मशीने उसे बाहर निकालने के लिए आसपास खुदाई कर रही हैं। मजदूर की पहचान नहीं हो पाई है। वह किसी ठेकेदार की कंपनी के माध्यम से आटसोर्स पर काम कर रहा था। ठेकेदार समेत शहर के सीएसपी मौके पर मौजूद हैं।चार मशीनें लगी हुई हैं। एक मशीन के बकेट के नीचे ही मजदूर की लोकेशन मिली है।

उस मशीन के बकेट को वहां रोक रखा गया है ताकि मिट्टी धंसने न पाये। मशीनें जितनी मिट्टी हटा रही हैं उतनी मिट्टी वापस भरभराकर गिर रही है। ये काम एन विराट नाम की कंपनी कर रही है। वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन नगर निगम की टीम कर रही है। कुछ महीनों पहले भी मारुति नगर में ही सीवर लाइन के ट्रेंच में मजदूर गिर गया था और उसके ऊपर मलबा भी भरभरा कर गिर गया था। घंटों की मशक्कत के बाद उसे सकुशल बाहर निकाला जा सका था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आध्यात्मिक गुरु एवं समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और आशा व्यक्त की कि उनकी शिक्षाएं और विचार भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ था। मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट में लिखा,'' मैं स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। महान आध्यात्मिक गुरु एवं समाज सुधारक स्वामी जी ने भारतीयों को उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराने के लिए देश भर में यात्रा की।'' उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र-निर्माण के लिए कार्य करने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रपति ने कहा, ''उन्होंने भारत के आध्यात्मिक संदेश पश्चिम तक फैलाए। उनकी शिक्षाएं और विचार भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि विवेकानंद ने भारतीय अध्यात्मवाद और संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ऊर्जा और स्फूर्ति से परिपूर्ण उनके विचार और संदेश युग-युगांतर तक युवाओं को कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। स्वामी विवेकानंद की जयंती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

# 24 घंटे में देश में कोरोना के 609 मामले और तीन मौतें

**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**



देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 609 नए मामले रिकॉर्ड किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि देश में संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 3,368 हो गई है। सुबह 8 बजे अपडेट किए गए मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे में कोरोना की वजह से तीन मौतें हुई हैं। इनमें दो केरल में और एक कर्नाटक में दर्ज की गई। बीते साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक में आ गई थी, लेकिन कोरोना के नए वैरिएंट की वजह से संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई। ठंड के मौसम को भी इसकी वजह बताया गया। सूत्रों के मुताबिक, 5 दिसंबर के बाद 31 दिसंबर, 2023 को 841 नए मामले सामने आए, जो मई 2021 में रिपोर्ट किए गए सबसे ज्यादा मामलों के 0.2 प्रतिशत थे। पीक के वक्त 7 मई 2021 को 4,14,188 नए मामले और 3,915 मौतें दर्ज की गई थीं।

## सीईसी-ईसी की नियुक्ति से जुड़े कानून पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, याचिकाओं पर सुनवाई के लिए राजी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र को नोटिस जारी किया, जिसने भारत के मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से हटा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से अप्रैल में जवाब मांगा है। जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसी समिति द्वारा निर्वाचन आयुक्त और मुख्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून को लागू करने पर रोक लगाने से इनकार किया, जिसमें प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किया गया है। हालांकि, कोर्ट ने नए कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।




**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# पेड़ लगाइये पानी बचाइए और प्लास्टिक को ना, धरती का करें सम्मानः अनिल

**कोरबा।** पर्यावरण संरक्षण पर शासकीय ईवीपीजी अग्रणी महाविद्यालय में गुरुवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कॉलेज के छात्रों सहित प्राध्यापकों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने और अपने कर्तव्य को पूर्ण करने के विषय में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और अतिथि के तौर पर पर्यावरणविद अनिल कुमार पहुंचे थे। जिन्होंने जम्मू कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, असम जैसे कई राज्यों में पर्यावरण की दिशा में काम किया है। सरकारी नौकरी से त्यागपत्र देकर वह पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रयासरत हैं।

अनिल कुमार ने 3 पी मॉडल का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़, पानी और प्लास्टिक को समझना होगा। अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे, पानी तो हम बना नहीं सकते। इसलिए हमें इसे बचाना होगा। प्लास्टिक वर्तमान दौर में किसी खतरनाक जिन्न से कम नहीं है। जिसकी उम्र 800 साल है। यह हमारे पर्यावरण को लगातार प्रदूषित कर रहा है। प्लास्टिक के कप, थाली आदि में खाने-पीने से बचें। यह कैंसरजन्य लक्षण पैदा करता है। जल और वायु बेशकीमती है। भारत ही केवल एक ऐसा देश है। जहां धरती को मां कहा जाता है। लेकिन हम लगातार नदी, नालों और प्रकृति को प्रदूषित कर रहे हैं। धरती का सम्मान करना होगा। इसके संरक्षण की दिशा में काम करना होगा। रोजमर्रा के जीवन में बदलाव लाने होंगे और हम सबको समाज में पर्यावरण की दिशा में जागरूकता लानी होगी। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति को 428 पेड़ों की जरूरत है। लेकिन वर्तमान में हमारे देश में प्रति व्यक्ति 28 पेड़ मौजूद हैं। हम लगातार प्रकृति कक दोहन कर रहे हैं। अपने मतलब के लिए प्रकृति से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसे बंद करना होगा। किसी भी क्षेत्र में 33त्न जंगल होना चाहिए. लेकिन वर्तमान में यह आंकड़ा भारत में केवल 21त्न ही है।




**आने वाली पीढ़ियां के लिए भी बढ़ाने होंगे संसाधन**

कार्यक्रम में उपस्थित शासकीय ईवीपीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ साधना खरे ने कहा कि धरती पर जीवन तभी बचेगा। जब प्रकृति सुरक्षित होगी। आदिवासी समाज और हमारे पूर्वज भी पेड़ों और जानवरों की पूजा करते थे। जिससे वो यह संदेश देते थे कि वह प्रकृति से कितने जुड़े हुए हैं। हम पेड़ काटेंगे, कोयला, पेट्रोल निकालते रहेंगे। तब एक दिन ऐसा आएगा जब सब सब खत्म हो जाएगा।

हम दोनों तरफ से मोमबत्ती जला रहे हैं। जहां बैठे हैं, उसी डाल को काट रहे हैं। इसलिए सिर्फ पत्तों को नहीं, जड़ों को सींचना होगा आदतों को सुधारना आचरण सुधारना होगा।

कार्यक्रम का संचालन बॉटनी के प्रोफेसर संदीप शुक्ला ने किया जिन्होंने कार्बन फुटप्रिंट्स के घातक परिणामों से अवगत कराया और यह भी बताया कि धरती पर 20 मिलियन प्रजातियां हैं। लेकिन इसमें से केवल मनुष्य ही एक ऐसी प्रजाति है। जिससे प्रकृति को नुकसान पहुंच रहा है। मनुष्य ही प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र नामदेव, बॉटनी विभाग की एचओडी डॉ रेनूबाला शर्मा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एसके गोभिल, एलएन कंवर, डॉ बीएस राव, सुशील अग्रवाल, सुशील गुप्ता, शुभम ढोरिया, मधु कंवर, आरके मौर्य, अजय पटेल सहित केएन कॉलेज से वेद व्रत उपाध्याय और निधि सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह मां सिद्धिदात्री कंकालीन मन्दिर दादर खुर्द में



कोरबा । जिला में पुरी धाम के नाम से प्रसिद्ध स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादर खुर्द के देव स्थान मां सिद्धिदात्री कंकालिन धाम में श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन दिनाक 12/1/2024 से प्रारंभ हो रही है, जिसमे प्रथम दिवस में स्वामी जगन्नाथ मंदिर से जलाभिषेक करते हुए मुख्य मार्ग से राम जानकी मन्दिर होते हुए पुरानी बस्ती हाउसिंग बोर्ड होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी, जहा प्रथम दिवस की कथा में भागवत कथा महत्तम को बताया जाएगा, व्यासपीठ में भागवताचार्य कृष्णा द्विवेदी,(स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादर वाले ,) रहेंगे भागवत कथा के आचार्य श्री रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी,(मुख्य पुजारी स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादर खुर्द,) रहेंगे यह आयोजन साप्ताहिक होगी जिसमे अलग अलग दिनो में विभिन्न कथाओं की महत्ता को व्यासपीठ के श्रीमुख से बतलाया जाएगा, आयोजन करने वाले सोनी परिवार ने सभी भक्तजन को सादर आमंत्रित किया है।।।

## अमानक धान बेचने का प्रयास किया व्यापारी ने

**कोरबा।** आदिवासी सेवा सहकारी समिति तिलकेजा के उपार्जन केंद्र में किसानों के हंगामे धान नहीं खरीदने के आरोप में बड़ा खुलासा है।समिति प्रबंधक ने कलेक्टर को पत्र लिखकर हंगामा करने वाले व्यक्तियों को व्यापारी बताते हुए 54 बोरी (21.6 क्विंटल )अमानक धान खरीदने का दबाव बनाने की बात कही है। समिति प्रबंधक ने शांतिपूर्ण पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था हेतु सुरक्षा का प्रबंध करते हुए धान खरीदी तक 2 आरक्षक पदस्थ करने की मांग की है। मामले की जांच करने गए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सहित अधिकारी द्वय ने समिति प्रबंधक की शिकायत सही पाया है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में मिला दूसरा स्थान,जताई खुशी

**कोरबा।** 11 जनवरी 2024 -वर्ष 2023 में देश के 446 शहरों में कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिक निगम कोरबा में बड़ी उपलब्धि अर्जित करते हुए छ.ग. राज्य में दूसरा स्थान व देश में 26वॉं स्थान प्राप्त किया है, यह पहला मौका है, जब राज्य में स्वच्छता में सिरमौर रहे अंबिकापुर शहर को पीछे करते हुए कोरबा ने यह उपलब्धि हासिल की है, इसके साथ ही कोरबा ने फ्री सिटी में 03 स्तर रैंकिंग प्राप्त करने के साथ ओ.डी.एफ. प्लस-प्लस में भी सफलता हासिल की है।

नागरिक जन सेवा समिति, कोरबा के अध्यक्ष मो. न्याज नूर आरबी ने निगम की इस उपलब्धि के लिए क्षेत्र के आम नागरिकों, निगम के प्रतिनिधियों एवं निगम कमिश्नर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी समेत सभी अधिकारी, कर्मचारियों को अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा है

# आईपीएस में विश्व हिन्दी दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

कोरबा। विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करना, हिन्दी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिन्दी की दशा के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है । विदेशों में भारतीय दूतावास विश्व हिन्दी दिवस को विशेष आयोजन करते हैं । विश्व में हिन्दी प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन आरंभ किया गया था । प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था । अत: 10 जनवरी का दिन ही विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया ।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रतिवर्ष विश्व हिन्दी दिवस(10 जनवरी) के रूप मनाए जाने की घोषणा की थी । विश्व हिन्दी दिवस के अतिरिक्त 14 सिंतबर को 'हिन्दी-दिवस' के रूप में मनाया जाता है । 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था तभी से 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है ।



दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रभाषा हिन्दी को सम्मानित करने हेतु विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से श्लोगन रायटिंग, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता एवं हिन्दी काव्य प्रस्तुति प्रमुख थे । विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एवं हिन्दी भाषा के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया एक प्रतियोगिता विशेष थी जिसमें विद्यार्थियों को स्वयं के बारे में पूर्णत: हिन्दी शब्दों को सम्मिलित कर स्वयं का परिचय देने हेतु प्रोत्साहित किया जाता था । इस प्रतियोगिता का भी बच्चों भरपुर लुत्फ़ उठाया ।

कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों हेतु विभिन्न शिक्षकों पर रचनात्मक लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि हमारी राष्ट्र भाषा के साथ ही हमारी संस्कृति के महत्व पर जोर देने के लिए हिन्दी दिवस एक महान कदम है। हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा है और हम हमेशा इसका सम्मान करें और राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है। विश्व हिन्दी दिवस समारोह के अंर्तगत आयोजित की गई सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया सीए एसोसियन से

**कोरबा।** कोरबा सी. ए. एसोसिएशन ने 6 और 7 जनवरी, 2024 को राज्य स्तरीय खेल का आयोजन किया, जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न छेत्रों से 7 टीमों को संग्रहित करने में सफल रहा। इसमें भिलाई, बिलासपुर, राजनांदगांव, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, और कोरबा की टीमें शामिल थीं, जिनमें करीब 150 से ज्यादा सी. ए. उपस्थित रहे।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल कोरबा के निर्देशक आशीष अग्रवाल, एन.टी.पी.सी., भजंका सेवा समिति, डी वी प्रोजेक्ट्स, पार्वती शॉपिंग मॉल, विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज, शंकर ब्रदर्स, स्वास्तिक मशीनरी वर्क्स, भारत केमिकल्स, गोकुल धाम मैरिज हॉल, रॉयल एवेन्यू, और अन्य प्रायोजकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिखाया।

पहले दिन का कार्यक्रम इंडोर गेम्स के साथ शुरू हुआ, जिसमें मुख्य कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, चीनी चेकर्स, बैडमिंटन और बॉक्स क्रिकेट का आयोजन किया गया। दूसरे दिन एनटीपीसी के मानसरोवर खेल परिसर में क्रिकेट और वॉलीबॉल का मुकाबला हुआ, जिसमें सभी विजेता और उपविजेता को पुरस्कार दिए गए।इस पूरे कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने में सी.ए अमित भोजासिया (अध्यक्ष), सी.ए प्रमेश चंदेल (खेल समन्वयक), एवं कोरबा सी.ए एसोसिएशन की वर्तमान कार्यकारिणी के साथ एसोसिएशन के पूर्वी सदस्यो की पूरी टीम ने अपना समर्थन दिखाया। ये जानकरी सी.ए एसोसिएशन के सचिव सी.ए. सौरभ अग्रवाल ने दी

# एसपी से मिले श्रमिक संगठन

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की मानिकपुर परियोजना के अलावा रेजिडेंशियल कॉलोनी में लगातार हो रही चोरी से लोग परेशान है। लोगों का आरोप है कि मानिकपुर पुलिस इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। एसईसीएल के श्रमिक संगठन ने इस बारे में पुलिस अधीक्षक से संपर्क करने के साथ चर्चा की और ज्ञापन भी सोपा। पुलिस अधीक्षक ने इन लोगों को आश्वासन दिया है कि अपराध की रोकथाम पर जरूर कदम उठाए जाएंगे।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र में जॉइंट कंसीडरिंग कमेटी के सदस्यों ने मानिकपुर परियोजना के साथ-साथ कर्मचारियों के आवासीय परिसर में लगातार हो रही चोरी पर चिंता जताई है। खदान में मौजूद संसाधन के अलावा लोगों के आवास से चोरी हो रही है। संगठित तरीके से इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने वाला गिरोह यहां पर काम कर रहा है। पिछले काफी समय से ऐसी घटनाएं यहां पर होने से हर कोई चिंतित है। श्रमिक नेता मोहन सिंह प्रधान ने बताया कि इन सब बातों की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी गई है। मानिकपुर पुलिस की भूमिका को लेकर भी अवगत कराया गया है। श्रमिक नेताओं से बातचीत के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भरोसा दिया कि उनके रहते अपराधों को बढ़ाने नहीं दिया जाएगा ।

श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों के द्वारा पुलिस अधीक्षक से भेंट करने और तथ्यों की जानकारी देने से यह बात तो साबित हो गई है कि कई प्रकार की घटनाएं इलाके में हो रही है और उनके मामले में मानिकपुर चौकी पुलिस का रवैया अत्यंत नकारात्मक बना हुआ है। ऐसा लगता है कि इन्हीं कर्म से अराजक तत्वों के मनोबल में काफी बढ़ोतरी हुई है और वह लगातार ऐसी घटनाओं को अंजाम देने में लगे हैं। देखना होगा कि श्रमिक संगठनों के द्वारा की गई पहल के आगामी दिनों में क्या कुछ परिणाम सामने आते हैं

## रोजगार सहायक के समर्थन में आए ग्रामीण

पोंड़ी उपरोड़ा । ग्राम पंचायत बांगो की सरपंच धन कुंवर कंवर व पंच द्वारा जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के कार्यपालन अधिकारी को पत्र प्रेषित कर रोजगार सहायक को स्थानांतरित करने की मांग की थी। इस मांग पर ग्रामीण आपत्ति जताते हुए रोजगार सहायक के समर्थन में सामने आ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच व रोजगार सहायक के बीच तालमेल नहीं होने के कारण सरपंच व कुछ पंचों द्वारा अपने अनुसार कार्य कराने दबाव बनाया जा रहा है।



## सत्य निज नाम बोध संस्थान ने सिल्ली में सत्संग सम्मेलन का किया आयोजन

पाली। पाली ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिल्ली में सत्य निज नाम बोध संस्थान पाली क्षेत्र का 21वां एक दिवसीय वार्षिक सत्संग सम्मेलन कबड्डी दास एवं लीला देवी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शोभा यात्रा, आरती बंदना, सत्संग, संगीत, भजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शान्ति दास सचिव एवं एसआर तेली अध्यक्ष केन्द्रीय समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि हरिसिंह नेताम पूर्व सरपंच सिल्ली, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर, रामविलास जायसवाल, प्रयाग नारायण शांडिल्य, विक्की अग्रवाल, घनश्याम दास, कपील दास, संतोष दास मानिकपुरी, पुनीदास मानिकपुरी, संतराम डिक्सेना, राकेश डिक्सेना, मोतीदास महंत, घासीदास, लक्ष्मण यादव, सत्यनारायण डिक्सेना, ज्ञान सिंह, मनीदास, बलराम पटेल, मुद्रिका प्रसाद, सुमरन दास, आनंद दास, काशीदास, रवि आदि उपस्थित थे।

# उत्पादन कंपनी के प्रबल संचालक पटियार विभिन्न कार्यक्रमो शामिल हुए




**कोरबा।** विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस.के.कटियार एवं प्रथम महिला (विद्युत उत्पादन कंपनी) प्रभा कटियार के मुख्य आतिथ्य में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व के सीनियर क्लब के प्रांगण में प्रेरणा महिला मंडल के द्वारा आनंद मेला-2024 का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता डॉ. हेमंत सचदेव एवं प्रेरणा महिला मण्डल की अध्यक्षा सविता सचदेव की अध्यक्षता में एवं मड़वा ता.वि.गृह के कार्यपालक निदेशक एस.के. बंजारा एवं आकृति महिला मण्डल की अध्यक्षा निवेदिता बंजारा, कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता संजय 2ार्मा एवं संकल्प महिला मण्डल की अध्यक्षा निहारिका 2ार्मा विशिष्ठ आतिथि के रूप में उपस्थित रहे।मुख्य अतिथियों का स्वागत आवासीय परिसर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य से किया गया। आनंद मेला में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के 14 स्टाल तथा मनोरंजन खेल के 2 स्टाल लगाये गये। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अभियंताओ द्वारा अपनी कला प्रदर्शन करते हुए सुन्दर गीतो की प्रस्तुती दी गई एवं विशेष कार्यक्रम में अंकुर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों द्वारा सुदंर मनमोहक गीतो एवं रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी गई।श्री कटियार ने प्रेरणा महिला मंडल द्वारा बने हुए विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनो का स्वाद लिया साथ ही आयोजित कार्यक्रमों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है कि इस प्रकार के आयोजन में सभी परिवार सहित अपनी-अपनी सहभागिता एक मंच पर निभा रहें है।प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा सविता सचदेव, उपाध्यक्षा अंजना कुजूर, राजेश्वरी रावत, अलका कंसल, मालती जोशी, विभा करनाल, सचिव अनिता टण्डन, कोषाध्यक्ष स्मिता 2ार्मा, सहसचिव पदमा जांगड़े, रंजिता कश्यप, क्रीडा सचिव सीमा राजपूत, अनामिका गुप्ता सांस्कृतिक सचिव सुनिता 2ार्मा, हेमलता गुरूपंच एवं डीएसपीएम/अन्य ता.वि.गृह में कार्यरत समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों ने अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आनंद मेला का भरपूर लुफ्त उठाया।सविता सचदेव ने अपने उद्बोधन में अंकुर विद्यालय के दिव्यांग छात्र/छात्राओं की प्रेरणादायी प्रस्तुति की खूब सराहना की तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेरणा महिला मण्डल के सभी सदस्याओं, उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी/अन्य नागरिक एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग हेतु सभी को धन्यवाद तथा। अंत में प्रेरणा महिला मण्डल की सचिव अनिता टंण्डन ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में मंच का संचालन आर.पी.टण्डन व रविन्द्र साहू ने संयुक्त रूप से किया।

## सीबीआई जांच और दोषियों पर कार्रवाई करने की गई मांग

**कोरबा।** कोयला खान भविष्य निधि संगठन के डीएचएफएल में डूबे 900 करोड़ रुपए की सीबीआई जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने कोल इंडिया चेयरमैन से मांग की है। इसे पूरा नहीं करने पर 23 फरवरी को कोल इंडिया मुख्यालय घेराव की चेतावनी दी है। कोरबा, गेवरा, दीपका और कुसमुंडा के अलावा एसईसीएल की सभी एरिया में गेट मीटिंग के जरिए जनजागरुकता अभियान चलाने के बाद 11 जनवरी को बीएमएस ने क्षेत्रीय महाप्रबंधकों के जरिए कोल इंडिया चेयरमैन को ज्ञापन भेजा। डीएचएफएल में डूबी राशि की वसूली के लिए प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। सीएमपीएफ को पूर्ण रूप से ऑनलाइन करते हुए पेंशनरों के लिए अलग से ऑनलाइन पोर्टल तैयार करने की मांग की है। ताकि जीवित प्रमाण पत्र एवं शिकायतों को सीधे सीएमपीएफ कार्यालय में प्रेषित किया जा सके। सीएमपीएफ क्षेत्रीय त्रिपक्षीय समिति की बैठक प्रत्येक माह सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। सेवानिवृत कर्मियों को राशि का भुगतान सेवानिवृत्ति के दिन करने और जॉब सिक्योरिटी देने की मांग की है। उन्हें एचपीसी वेजेस में सम्मिलित करते हुए ठेका मजदूरों को कंपनी के रिक्त आवास आवंटित करने पर जोर दिया है। कहा है कि ठेका मजदूरों को 8 घंटे का काम सुनिश्चित किया जाए। सभी ठेका मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा (सीएमपीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, समूह बीमा) प्रदान करते हुए चिकित्सा सुविधा दी जाए। बीएमएस ने 12 फरवरी को रांची और 15 फरवरी को धनबाद स्थित सीएमपीएफ कार्यालय के घेराव की घोषणा की है। संघ ने कहा कि इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो 23 फरवरी को कोल इंडिया मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**कोरबा** । शास्त्री जी सच्चे गांधीवादी थे जिन्होने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया और गरीबों की सेवा में लगाया उक्त कथन महापौर राजकिशोर प्रसाद ने जिला कांग्रेस कार्यालय टी. पी. नगर कोरबा में आयोजित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के पुण्यतिथि कार्यक्रम में व्यक्त किया। श्री प्रसाद ने बताया कि भारत के दुसरे प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान कई बार जेल जाना पड़ा था। श्री शास्त्री नेहरू जी के मंत्री मण्डल में गृहमंत्री के प्रमुख पद पर भी रहे और नेहरू जी के निधन पश्चात् भारत के प्रधानमंत्री भी बने।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में बताया कि 8 अगस्त 1942 की रात गांधी जी ने अंग्रेजों को भारत छोड़ो और भारतीयों को करो या मरो का नारा दिया जिसे 9 अगस्त 1942 के दिन शास्त्री जी ने इलाहाबाद पहुंचकर इस आंदोलन के गांधीवादी नारे को चतुराई पूर्वक मरो नही मारो में बदल दिया और अप्रत्याशित रूप से क्रांति की दावानल को पूरे देश में प्रचण्ड रूप दे दिया। 11 दिनों बाद 19 अगस्त 1942 को शास्त्री जी गिरफ्तार हो गये थे।

पूर्व सभापति एवं ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर ने अपने उद्बोधन में स्व. लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि शास्त्री जी का राजनैतिक क्रियाकलाप सैद्धांतिक के साथ-साथ पूर्णत: व्यवहारिक और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप था। शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। इस नारा ने भारत के किसानों और जनता का मनोबल बढ़ाया और सारा देश एकजूट हो गया।



कांग्रेस सेवादल प्रमुख प्रदीप पुरायणे ने स्व. लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिए आज भी पूरा भारत देश श्रद्धापूर्वक याद करता है। शास्त्री जी को भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। जिला कांग्रेस सचिव लक्ष्मी नारायण देवांगन ने बताया कि शास्त्री जी के सादगी व साफ सुथरी छवि के कारण उन्हे देश का प्रधानमंत्री पद के निर्वहन करने का दायित्व प्राप्त हुआ। शास्त्री जी कहा करते थे अपने देश की आजादी की रक्षा करना केवल सैनिकों का काम नहीं है बल्कि ये पूरे देश का कर्तव्य है।

पूर्व पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान ने अपने विचार रखते हुए बताया कि शास्त्री जी शांतिपूर्ण विकास में विश्वास रखते थे और देश के प्रति निष्ठा को ही पूर्ण निष्ठा मानते थे। शास्त्री जी का मानना था कि लोगों को सच्चा लोकतांत्रिक या स्वराज कभी भी असत्य और हिंसा से प्राप्त नहीं हो सकता। इस मौके पर पार्षद रवि चंदेल, पूर्व एल्डरमेन रामगोपाल यादव, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बंटी शर्मा, रवि खुंटे, हाजी इकबाल दयाला, सीमा उपाध्याय, गीता महंत, रामायण दास, श्यामा बाई, मनहरण राठौर, राजेश श्रीवास, अमृता उरांव, सुरेश कुमार अग्रवाल आदि ने शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताये राह पर चलते हुए देश की सेवा करते रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने शास्त्री जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हे श्रद्धा सुमन श्रद्धांजली दी गई।

## बच्चे की नाक से निकाली गई बैटरी

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ईएनटी सर्जन डॉ. हरवंश व उनकी टीम ने एक बच्चे की नाक से हाथ घड़ी की सेल बाहर निकालकर सफल सर्जरी की है। डॉक्टर हरवंश ने बताया कि एंडोस्कोपी ऑपरेशन की मदद से बैटरी को बाहर निकाला है। डॉक्टर ने बताया कि बच्चा खेल-खेल में हाथ घड़ी की सेल को नाक में घुसा लिया था। बच्चे को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। अभिभावक बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर को समस्या से अवगत कराया। जांच के बाद पता चला कि वह धीरे-धीरे गलना शुरू हो गया था। समय पर इलाज होने से बच्चे को राहत मिली है। अधिक देरी होने से परेशानी बढ़ सकती थी।

# परिवार को बंधक बनाकर सोना-चांदी सहित नकदी ले उड़े चोर

## वृद्ध महिला का गला दबाकर आराम से चोरी की घटना को दिया अंजाम

**जांजगीर चांपा।** खोखसा गांव में एक परिवार को बंधक बनाकर चोरों ने लाखों रुपए के सोना-चांदी सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर पीछे के रास्ते से दीवार के बाद दरवाजा का कुंडी तोड़कर घर अंदर में प्रवेश किया। चोरों ने वृद्ध महिला के गला को दबाकर उसके कमरे से आराम से चोरी की घटना को अंजाम दिया।

इस दौरान बाकी कमरे को बाहर से बंद कर दिया था। सूचना पर नैला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। मौका मुआयना करन अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पता साजी में जुट गई है। पुलिस के अनुसार नैला चौकी अंतर्गत खोखसा गांव निवासी भुवनेश्वर साहू खेती किसानी का काम करता है। 10 जनवरी की रात खाना खाने के बाद सभी सदस्य अपने-अपने कमरे में सो गए थे। भुवनेश्वर साहू की 62 वर्षीय मां लकवा मरीज हैं। वह अलग कमरे में सोई थी। रात करीब 3 बजे भुनेश्वर के पिता उठे, बाहर जाने के लिए दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा बाहर से बंद होने के कारण नहीं खुला। उन्होंने अपने पुत्र को मोबाइल से बाहर से दरवाजा खोलने के लिए कहा। भुवनेश्वर भी उठा तो उसके कमरे में भी बाहर से दरवाजा बंद था। इसके बाद भुवनेश्वर ने पड़ोसियों को फोन कर दरवाजा खोलने के लिए बुलाया। वे लोग आए और दरवाजा खोले, इसके बाद घर की जांच की तो पीछे के दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ था। साथ ही दीवार भी टूटा था।

अपनी मां के कमरे में जाकर देखा तो वहां आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। लकवा पेसेंट मां से पूछने पर बताया कि अज्ञात चोर गला दबाकर चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं। अज्ञात चोर आलमारी में रखे 7 फर वाला सोने का हार, एक नग सोने का लॉकेट, 8 ग्राम सोने का झुमका, 4 ग्राम सोने का टॉप, चांदी की पायल 3 जोड़ी, 36 तोला व नगदी 1000 रुपए की चोरी हुई। भुवनेश्वर ने बताया कि आलमारी वाले कमरे में चार से पांच ईंट व पत्थर मिला है। जिसको चोर लेकर पहुंचे थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में चिल्हर पैसा भी चोर छोड़कर चले गए हैं। करीब 50 से 60 रुपए के करीब है। बताया जा रहा है कि इसके पहले भी चोरी की घटना में चोरी ईंट पत्थर को निशानी के तौर छोड़कर गए हैं। कुछ ऐसा ही वारदात को इस बार भी अंजाम दिया गया है।

**नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला**

पहले सूने मकान में चोरी की घटना होती थी, लेकिन अब पुलिस ऊपर चोरों का डर पूरी तरह खत्म हो चुका है। इसलिए अब चोर पुलिस को चुनौती देते हुए परिवार को बंधक बनाकर चोरी की घटना को लगातार अंजाम दे रहे हैं। परिवार की उपस्थिति में ही चोरी की घटना बढ़ रही है। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि किसी भी मामले के सुलझाने में पुलिस अफसल साबित हो रही है। दो माह पहले नैला शराब दुकान व पास के घर में ही कुछ ऐसा ही चोरी की घटना हुई थी। जिसमें आरोपी पकड़ से बाहर हैं। पुलिस के मुताबिक डेढ़ लाख रुपए का सोना- चांदी की चोरी होने की बात कही जा रही है। सूचना पर पुलिस सुबह मौके पर पहुंची। अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## फर्जी डिग्री बांटने वाले के खिलाफ कलेक्टर से की गई शिकायत

**चांपा ।** कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के नाम पर फर्जी डिग्री व मार्क सीट बनाने का खेल कोई नया नहीं है। सालों से ये धंधा चल रहा है मगर आज तक इस पर लगाम नहीं कसी जा सकी है। जबकि हाल ही में बिर्रा में ऑर्बिट कम्प्यूटर सेंटर की शिकायत तहसीलदार से हुई थी मगर अभी तक कोई कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं हुई। कार्रवाई नहीं होने पर अब कम्प्यूटर सेंटर के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी व कलेक्टर से शिकायत की गई है। जल्द ही कार्रवाई की मांग की गई है। बसंतपुर रोड बिर्रा में एक ऑर्बिट कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर संचालित हो रहा है जिसमें क्षेत्र के विद्यार्थियों को लूटने का खेल चल रहा है। वहीं संचालक का कहना है कि संस्था में कम्प्यूटर सम्बंधित ट्रेनिग दी जाती है। दरअसल, प्राइवेट विद्यार्थियों को प्राइवेट विश्वविद्यालयों की डिग्री दिलाने के धोखे से कम्प्यूटर सेंटर में प्रवेश ले रहे हैं। साथ ही बड़े कोर्सेस की परीक्षा भी फर्जी तरीके से अपने सेंटर में अवैध रूप से डिग्री भी बांटी जा रही है। सूत्रों की माने तो ऑर्बिट कम्प्यूटर सेंटर बिर्रा में एजुकेशन से लेकर एमबीए तक कोई भी डिग्री पिछले डेट में महज कुछ रुपए खर्च करके ले सकते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फर्जी डिग्री का बंदरबांट किस कदर किया जा रहा है।

# बम्हनीडीह ब्लाक के कई स्कूलों का किया बीईओ ने निरीक्षण

## अनुपस्थित मिले शिक्षको का वेतन काटने के दिए निर्देश

**जांजगीर चांपा।** बीईओ के निरीक्षण के दौरान शासकीय हाईस्कूल हथनेवरा के लीन व्याख्याता एल.बी. और एक विज्ञान सहायक बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए प्राचार्य को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा नजदीक है ऐसे समय में शिक्षकों की इस तरह की लापरवाही ठीक नहीं है। उन्होंने प्राचार्य से कहा कि व्यवस्था सुधारे नहीं तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

दसवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी छात्रों को कराए ताकि उनको परीक्षा के समय कोई परेशानी न हो। उन्होंने सभी शिक्षकों को नियमित रूप से समय पर स्कूल आने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान हाईस्कूल

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह बी.ई.ओ. एम .डी. दीवान बुधवार को स्कूलों के निरीक्षण पर निकले और अव्यवस्था पाए जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए नियमित समय पर शाला संचालन करने की हिदायद दी। बी.ई.ओ. ने कई शिक्षकों के वेतन काटने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कंप मच गया।

हथनेवरा के व्याख्याता एल.बी.रजनी सिदार,विनीता चतुर्वेदी,यमुना साहू एवं विज्ञान सहायक संध्या शुक्ला बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला के बरखा मिरी व ममता कुजुर का भी एक दिन का वेतन काटने निर्देश दिए। बी.ई.ओ.ने अनुपस्थित शिक्षकों के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने संकुल प्राचार्य और समन्वयकों को नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए हुए शैक्षणिक गतिविधियों पर ज्यादा दे ज्यादा फोकस करने को कहा, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

**लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

बी.ई.ओ. एम.डी. दीवान ने निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के अनुपस्थित मिले टीचरों का वेतन काटने का फरमान जारी किया है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से स्कूलों की मॉनिटरिंग की जाएगी। ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिलें। लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान अचानक बीईओ की दबिश देने पर स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया था।

## कलेक्टर ने ली लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने योजना अंतर्गत कार्य में प्रगति लाने तथा समयावधि में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ और उप अभियंता उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि गांव के हर घर में पानी पहुंचे इसके लिए चिन्हांकन किया जाए और समय सीमा के भीतर सभी घरों तक नल लगने के साथ पानी पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी में पानी की किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसका ध्यान रखे साथ ही जल परीक्षण नियमित करते रहें। उन्होंने ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन, प्लेटफार्म तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि कार्यों की प्रगति को बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस हेतु सभी अनुबंधित कार्यों में पृथक-पृथक टीम लगाने, मशीनरी व श्रमिकों की संख्या बढ़ाने की बात कही। उन्होंने विभाग के सभी एसडीओ व सब इंजीनियर को सतत रूप से फील्ड में जाकर प्रगतिरत कार्यों पर निगरानी रखने के लिए कहा। कलेक्टर ने लंबित शेष कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

## स्कूलों का नियमित करें निरीक्षण - कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा को लेकर नवाचार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि जिले में पुस्तक दान अभियान चलाया जाएगा और उन पुस्तकों को एक किताब घर तैयार कर बच्चो की पढ़ाई के लिए रखा जाएगा इसके अलावा बोलेगा बचपन, उत्कृष्ट जांजगीर कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके साथ ही कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थियों के लिए कोडिंग क्लास और सक्षम ई-लाइब्रेरी भी तैयार किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने के लिए सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारी को कहा। कलेक्टर छिकारा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नियमित सभी स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राचार्यों को आगामी परीक्षा परिणाम को और अधिक बेहतर करने के लिए बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## फोटो लाइक करने पर रुपये मिलने का दिया था झांसा

**बिलासपुर ।** सरकंडा क्षेत्र में रहने वाले व्यवसायी को फोटो लाइक करने पर रुपये मिलने का झांसा देकर 85 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। व्यवसायी की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। सरकंडा स्थित स्टेट बैंक के पास रहने वाले अंकुर अग्रवाल सीमेंट व्यवसायी हैं। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर की सुबह उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से मैसेज आया।

इसमें इंटरनेट पर फोटो को लाइक करने पर रुपये मिलने की बात लिखी थी। मैसेज पर भरोसा करके उन्होंने कुछ फोटो को लाइक किया। साथ ही अपना बैंक एकाउंट डिटेल जालसाजों को मैसेज कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद व्यवसायी के बैंक खाते में एक हजार 500 रुपये भेज दिए गए।

इसके कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर दो लिंक भेजे गए। व्यवसायी ने जैसे ही लिंक ओपन किया उनके खाते से दो बार में 85 हजार रुपये कट गए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों लोगों के सपनों को पूरा करने में निभायी अपनी भूमिका



**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की एलईडी वैन पहुंच रही है और प्रधानमंत्री आवास योजना उज्जवला योजना पीएम किसान सम्मान निधि विश्वकर्मा योजना सहित सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं।

बुधवार को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके खुंटे ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत खोहा में पहुंचकर पात्र हितग्राहियों योजना से लाभान्वित किया तथा प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी भी दिलाई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम चोरिया के कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत दहिदा, कर्रा, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत खोहा, परसदा, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत देवरी लोहर्सी जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत सरवानी, चोरिया, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत अमलीपाली एवं चंगोरी में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभन्वित किया जा रहा है।



## सड़क हादसों में सैकड़ों जिंदगियां असमय हुई समाप्त, दावे धराशायी

**जांजगीर चांपा।** जिले में लोग यातायात नियम का पालन नहीं करने व शराब की नशे में हवा की रफ्तार में वाहन चला रहे हैं और असमय काल के गाल में समा रहे हैं। पिछले 12 माह के सड़क हादसे पर गौर करने पर जिले की सड़क पर जहां 184 लोगों की मौत हुई तो वहीं नेशनल हाइवे पर 37 लोगों की जान गई है।

जिले में लगातार सड़क हादसे में इजाफा हो रहा है। इससे बचने पुलिस के द्वारा हर रोज लोगों को समझाईश दी जा रही है। सड़कों पर हर रोज मोटरव्हीकल एक्ट की कार्रवाई कर लोगों को समझाया जा रहा। दबाव बनाया जा रहा। ताकि लोग समझें और नियम के तहत वाहन चलाएं। लेकिन, पुलिस की आवाज नक्कार खानों में तूती की आवाज बनकर रह जा रही है। लाख कोशिशों के बावजूद लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस से मिले ताजा आंकड़ों में जिले के सभी सड़कों में सड़क हादसे हो रहे है, नेशनल हाईवे चाहे ग्रामीण अंचल की बदहाल सड़कें हो या फिर शराब के कारण। नतीजतन उन्हें मौत के आगोश में समाना पड़ता है। सालभर आंकड़े के अनुसार बीते 12 माह यानी 365 दिन में ग्रामीण अंचल की सड़कों पर 242 प्रकरण में 118 घायल तो 105 लोगों की जान चली गई है। वहीं नेशनल हाईवे में 119 प्रकरण में 112 लोग घायल हुए और 37 लोग कालकवलित हो चुके हैं। इसके अलावा एक हजार से अधिक सड़क हादसे हो चुके। जिसमें 427 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। इसके अलावा तकीबन 398 लोगों को सामान्य चोटें आई है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क हादसे में सबसे अधिक मौत**

शहर की सड़कों की बजाए ग्रामीण अंचल की सड़कों पर अधिक मौतें हो रही है। इसका कारण ग्रामीण अंचल के लोग शराब की नशे में फर्राटे मारते हैं। इसके अलावा अधिकांश जगह पर देखने को मिलता है कि सड़क खराब रहता है और अंधेरा भी रहता है। इसके कारण रात में लोग टकराकर हादसे का शिकार हो रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क में 105 लोगों की मौत हुई है। सड़क हादसे में मौत का सबसे प्रमुख कारण शराब बताया जा रहा है। साथ ही सबसे ज्यादा हादसे शाम 6 से 9 बजे के बीच हो रहे है। यानी कहा जा सकता है कि सड़कों पर वाहनों का दबाव इन्हीं समयों के बीच होती है। आखिरकार हादसे की संभावना बढ़ जाती है।

मोटरव्हीकल एक्ट के तहत जिले के हर थाना में लगातार कार्रवाई की जा रही है। नियमों का पालन करते हुए लोग यदि वाहन चलाएं तो सड़क हादसे में कमी आएगी।

विजय अग्रवाल, एसपी

## जिले में महिला थाना नहीं, राहौद और कोटमीसोनार में भी चौकी की जरूरत



**जांजगीर।** बजट में उम्मीद . महिलाओं से संबंधित अपराध की जांच में आती है परेशानी, ट्रैफिक थाने के पास खुद का भवन नहीं

जिले के थानों में महिला डेस्क तो है, लेकिन अलग से महिला थाना नहीं है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को देखते हुए इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी प्रकार व्यवसायिक नगर पंचायत राहौद में चल रहे पुलिस सहायता केंद्र को चौकी के रूप में उन्नयन करने की भी जरूरत है, वहीं अक्सर हिन्दू और मुसलमानों के बीच विवाद होते रहने के कारण कोटमीसोनार में भी चौकी प्रस्तावित है। उसके अलावा यातायात थाना के लिए भी सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। नई सरकार का गृह विभाग यदि प्रस्ताव को मान लेता है, तो या तो इसी वर्ष या फिर आने वाले वर्षों में जिले में सुरक्षा की दृष्टि से ये अहम कार्य हो सकते हैं।

# कलेक्टर ने उद्योग से जुड़े विभिन्न विभाग की ली बैठक

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने श्रम विभाग, उद्योग विभाग, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा और खनिज विभाग की विभागीय कार्यों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में स्वीकृत चूना पत्थर, डोलोमाइट, रेत की खदानों की जानकारी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने राजस्व लक्ष्य, प्राप्त लक्ष्य के संबंध में संबंधित अधिकारी से जानकारी ली और राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अवैध खदानो, भंडारण एवं परिवहन की प्रकरणों पर गंभीरता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रमिकों का सतत रूप से मेडिकल परीक्षण किया जाए। उन्होंने मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखने, श्रमिकों को निर्धारित मापदंड के अनुरूप वेतन बोनस दिए जाने सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रमिकों का पंजीयन किया जाए और उन्हें मिलने वाली विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने श्रमिकों के पंजीयन कराने के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले से पलायन को रोकने के उपाय करते हुए श्रमिकों को अधिक से अधिक महात्मा गांधी नरेगा सहित अन्य विभागीय योजनाओं लाभ दिलाने कहा। कलेक्टर उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को पंजीयन कराने के साथ योजनाओं का लाभ दिया जाए और उद्योग संचालित करने वालों का पंजीयन भी नियमित रूप से किया जाए। उन्होंने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, श्रम विभाग, उद्योग विभाग, खनिज विभाग, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के अधिकारी उपस्थित थे।

## जमीनी स्तर तक पहुंच रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की एलईडी वैन पहुंच रही है और प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना सहित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित हो रहे है।

गुरूवार को अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत धरदेई में पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित किया गये कार्यक्रम का अवलोकन किया तथा कार्यक्रम में लगाये गये शिविरों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी भी दिलाई। उन्होंने शिविर में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं लाभान्वित भी किये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हरदी अमोदा, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा, पहरिया, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत धरदेई, पड़रिया, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत संजयग्राम, परसापाली, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पिपरदा एवं चंदनिया में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभन्वित किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने किया कन्या छात्रावास, तहसील और आयुष्मान शिविर का निरीक्षण

**जांजगीर-चाम्पा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार को अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, बलौदा तहसील और ग्राम पंचायत चारपारा के आयुष्मान शिविर का निरीक्षण किया। इस इस दौरान कलेक्टर ने छात्रावास के प्रत्येक कक्ष में दी जा रही सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने मेनू के अनुसार छात्राओं को पोषक आहार से संबंधित सब्जियां एवं समय पर नाश्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर छात्रावास में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को बताया कि माता-पिता अपने बच्चों से बहुत उम्मीद रखते हैं। यहां आप लोगो को रहने तथा भोजन आदि की व्यवस्था दी जा रही है। आप लोग भी यहां के अनुशासन का पालन करते हुए ध्यान लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने छात्राओं के खेल-कूद सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावास में छात्राओं के सुरक्षा एवं स्वास्थ्य पर उचित ध्यान देने के निर्देश अधीक्षक को दिए। कलेक्टर छिकारा ने बलौदा के तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में भूअभिलेख शाखा, लोकसेवा केंद्र, कानूनगो, आवक जावक शाखा, कम्प्यूटर कक्ष, रिकार्ड रूम, नाजिर शाखा का निरीक्षण किया । उन्होंने कार्यालय



में संधारित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन पंजी, प्रतिलिपि शाखा, कोटवार पंजी सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के पंजी का अवलोकन किया गया एवं प्रकरणों के निराकरण की जानकारी तहसीलदारों से ली। राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए तहसीलदारों को निर्देशित किया ।उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण व न्यायालयीन प्रक्रिया में तेज़ी लाने के संबंध में एसडीएम तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्धारित समयसीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्धारित पंजिया संधारित करें। तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान तहसील न्यायालय के दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय में आवश्यक हो जाए। समय सीमा के बाहर कोई भी प्रकरण लंबित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने परिसर की साफ सफाई नियमित रुप से करने के निर्देश दिए। इस दौरान बलौदा तहसील एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**आयुष्मान कार्ड का किया वितरण**

कलेक्टर ने बलौदा स्थित ग्राम चारपारा में लगाये गए आयुष्मान शिविर का निरीक्षण किया जहां उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों को कार्यों में गति लाकर अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण भी किये। शिविर के माध्यम पात्र सभी हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

## अनमोल वचन

**समय दिखाई नहीं देता लेकिन बहुत कुछ दिखा जाता है..!**

# दावे भी तो ऐसे!

यह धारणा बनी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अंग्रेजी के च अक्षर की शक्ल हासिल कर ली है। एसबीआई की इस रिपोर्ट का मकसद इसी धारणा को तोड़ना मालूम पड़ता है। इसके लिए कई हवाई तर्क इसमें शामिल किए गए हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट ऐसे दावे किए हैं, जिनकी तुलना सिर्फ हवा में उड़ाए गए गुब्बारों से की जा सकती है। एसबीआई का दावा है कि भारत में हाल के सालों में आर्थिक असमानता घटी है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर क्षेत्र में खुशहाली का आलम है। एसबीआई ने असमानता का अनुमान लगाने के लिए आयकर डेटा का इस्तेमाल किया है। और इन आंकड़ों के आधार पर सारे देश की माली हालत का अंदाजा लगा लिया गया है। जबकि देश में केवल आठ करोड़ लोग आयकर रिटर्न फाइल करते हैं। उनमें से भी चार करोड़ शून्य रिटर्न फाइल करते हैं- यानी वे एक पैसा इनकम टैक्स नहीं देते। तो बहुत कम लोग ऐसे हैं, जो वास्तव में इनकम टैक्स दे रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या भारत की कुल आबादी में सिर्फ लगभग दो फीसदी बैठती है। एसबीआई के विशेषज्ञों ने सिर्फ उनके आधार पर आर्थिक गैर-बराबरी के घटने का दावा कर दिया गया है।

जबकि इनकम टैक्स डेटा के आधार पर आर्थिक गैर-बराबरी के बारे में शायद ही कुछ कहा जा सकता है। इसलिए कि यह डेटा कुल आबादी के बहुत छोटे हिस्से से संबंधित है। पहली बात तो इनसे धनी लोगों की ब्लैक मनी से संबंधित कोई जानकारी नहीं मिलती। दूसरी तरफ आबादी के लगभग 95 प्रतिशत हिस्से के बारे में इनसे कोई सूचना नहीं मिलती। कुल आबादी की आमदनी और उपभोग के आंकड़ों के आधार पर हुए कई हालिया अध्ययनों से देश में लगातार बढ़ती जा रही विषमता की पुष्टि हुई है। उनके आधार पर ही यह धारणा बनी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अंग्रेजी के च अक्षर की शक्ल हासिल कर ली है। एसबीआई की इस रिपोर्ट का मकसद इसी धारणा को तोड़ना मालूम पड़ता है। इसके लिए कई हवाई तर्क इसमें शामिल किए गए हैं। मसलन, एमएसएमई (सूक्ष्म- लघु- मध्यम उद्यम) क्षेत्र में कारोबार इसलिए घटा है, क्योंकि वैसी कंपनियां ब्रांड चेन के माध्यम से बड़ी कंपनियां में बदल गई हैं। और यह कि कि लोग ग्रामीण इलाकों में दोपहिया वाहनों को छोड़कर कार खरीद रहे हैं, इसलिए दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट आई है।

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आप किसी की मदद करेंगे जिससे आपको खुशी मिलेगी। आप काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी लेकिन धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता जरूर मिलेगी। आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते हैं।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जाएगा। मार्किट से कोई मनपसंद वस्तु खरीदने का मन बना सकते हैं।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आएंगे, आप भी इसका भरपूर लाभ उठाएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा।

कर्क राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपके घर में कोई मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, तारीफ मिलेगी। आपका पेशेंस आपको सक्सेस दिलाएगा।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। बिजनेस में वर्तमान व्यवस्था को उचित बनाए रखने में आपका समय बीतेगा। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे हैं तो आज का दिन बेहतर है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जाएगा, आप काम करने के नए टारगेट बनाएंगे। आपका मन ईश्वर की आराधना में लगेगा आप किसी मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों को प्रिय बनाएगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। छात्रों को पढ़ाई या करियर से जुड़ी समस्याओं का सॉल्यूशन मिलेगा, अपनी मेहनत जारी रखें।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। ऑफिस में कोई आपका विरोध कर सकता है, सहकर्मियों से ताल-मेल बनाकर रखें। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपका कोई रुका काम पूरा हो जाएगा। स्टूडेंट्स का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरुआत होगी। आपके घर में कोई मंगल कार्यक्रम हो सकता है, आपका दिन व्यस्तता और भाग-दौड़ में बीतेगा।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरीपेशा वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। परिवारजन में आपसी सामजस्य बेहतर बनेगा। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे, जहां आपको काफी शांति महसूस होगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजनीति के क्षेत्र में आपकी छवि मजबूत बनेगी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट का काम कर रहे लोगों को आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ मिलेगा। आपके माता-पिता आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपके आस-पास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा, जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।

# विपक्ष को अभी बहुत काम करना है!

//अजीत द्विवेदी//

**कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां धीरे धीरे सदमे से उबर रही हैं। हिंदी भाषी तीन राज्यों में कांग्रेस की करारी हार ने सिर्फ कांग्रेस का मनोबल नहीं तोड़ा था, बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दूसरे घटक दलों का भी हौसला टूट गया था। तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद कई राज्यों में प्रादेशिक क्षत्रपों के तेवर बदल गए। कहीं कांग्रेस को आंख दिखाई जाने लगी तो कहीं कांग्रेस का स्वागत होने लगा। ऐसा होने के दो कारण हैं। या तो विपक्षी पार्टियों ने मान लिया है कि भाजपा से मुकाबला मुश्किल हो गया और अब उसे हराया नहीं जा सकता है।**

बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी इस मानसिकता का प्रतिनिधित्व करती है। भले नीतीश का अंतिम फैसला कुछ भी हो लेकिन उनकी पार्टी के नेता मान रहे हैं कि भाजपा से लड़ने की बजाय उसके साथ चलना चाहिए। दूसरी ओर जिनको कांग्रेस की जरुरत महसूस होने लगी है उसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हैं तो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी हैं। दोनों तालमेल के लिए तैयार दिख रहे हैं और सीट बंटवारे को लेकर हुई पहली बैठक से यह साफ भी हो गया है।

बहरहाल, तीन राज्यों में कांग्रेस की हार ने विपक्षी पार्टियों और सोशल मीडिया में भाजपा विरोधी पूर्व नौकरशाहों, पूर्व पत्रकारों, सामाजिक विचारकों आदि को किस तरह से प्रभावित किया है और कैसे विपक्ष के तमाम फ्रीलांस समर्थक चूहों की तरह विपक्षी जहाज से कूदने लगे हैं वह अलग चर्चा का विषय है। अभी जो विपक्ष एकजुट है और अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबले की तैयारी कर रहा है उसे बहुत काम करने होंगे। सबसे अहम काम एक मजबूत व भरोसे का गठबंधन बनाना है, जिसमें सीटों का तालमेल इस तरह से हो कि उस पर कोई विवाद न रहे। यह सबसे अहम काम है क्योंकि अगर सबकी सहमति से सीटों का बंटवारा नही होता है तो जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं को गठबंधन के उम्मीदवारों का दिल से साथ देने के लिए तैयार करना मुश्किल हो जाएगा। अगर सबकी सहमति से सीटों का बंटवारा होता है और यह मैसेज बनता है कि सबके लिए विन-विन सिचुएशन है यानी साथ मिल कर लड़ने से सब फायदे में रहेंगे तो कार्यकर्ता जुड़ेंगे और मेहनत करके चुनाव लड़ेंगे। सो, भरोसे का गठबंधन और वस्तुनिष्ठ आकलन के साथ सीटों का बंटवारा पहला काम है, जिसे विपक्षी पार्टियों को तय समय सीमा के भीतर कर लेना चाहिए।

इसके बाद गठबंधन का नेतृत्व करने वाले चेहरे का मामला है। विपक्षी गठबंधन की दिल्ली में हुई चौथी बैठक में सबको हैरान करते हुए ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम का प्रस्ताव रख दिया था। उन्होंने खड़गे को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर लड़ने की बात कही, जिसका समर्थन अरविंद केजरीवाल ने किया। इससे गठबंधन के अंदर विभाजन और भरोसे का संकट दिखा। इसके तुरंत बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेवर दिखाए और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुला कर खुद पार्टी के अध्यक्ष बन गए। 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत बनाने और भाजपा विरोधी नैरेटिव का चेहरा बने राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह को उन्होंने अध्यक्ष पद से हटा दिया।अब उनकी पार्टी के नेता मांग कर रहे हैं कि संयोजक के साथ साथ नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का दावेदार भी बनाया जाए। खड़गे ने हालांकि बैठक में ही ममता के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था लेकिन ममता ने वह राग बंद नहीं किया है। उनको कांग्रेस से तालमेल करने में परेशानी हो रही है पर कांग्रेस अध्यक्ष को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर लड़ने का सुझाव दे रही हैं। इससे अपने आप उनका विरोधाभास जाहिर होता है। सो, कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को गठबंधन के चेहरे के बारे में फैसला करना है। एक सुनियोजित रणनीति बनानी होगी और उसके साथ जनता के बीच जाना होगा। अगर यह फैसला होता है कि बिना किसी चेहरे के और सामूहिक नेतृत्व में विपक्ष लड़ेगा तो इसके सभी पहलुओं पर विचार करना होगा ताकि जनता के बीच जाने पर किसी तरह का कंफ्यूजन न रहे और न कोई विरोधाभास दिखे।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तैयार किए गए चुनावी विमर्श का जवाब देने की रणनीति बनानी होगी। मोदी के चुनावी विमर्श में हिंदुत्व का मुद्दा प्रमुख है, जिसका प्रतीक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर है। इसका उद्घाटन 22 जनवरी को होगा और उसके बाद भाजपा पूरे देश से रामभक्तों को अयोध्या ले जाने का अभियान चलाएगी। सो, हिंदुत्व और राममंदिर के चुनावी विमर्श का विपक्ष को कैसे मुकाबला करना है इसकी रणनीति जल्दी से जल्दी बनानी होगी। अभी सभी पार्टियां अपने अपने हिसाब से इस मसले से निपटने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस नेता अयोध्या नहीं जा रहे है पर उत्तर प्रदेश में जहां यह कार्यक्रम हो रहा है वहां की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी ने यह स्टैंड लिया है कि जब रामजी बुलाएंगे तो जाएंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनको न्योता नहीं मिला है।

उधर मुंबई में उद्धव ठाकरे 22 जनवरी को नासिक जाएंगे और राममंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। क्या यह अच्छा नहीं होता कि जिन विपक्षी पार्टियों के नेताओं को नहीं बुलाया गया है वे सभी 22 जनवरी को भगवान राम के किसी दूसरे प्रसिद्ध मंदिर में जाकर पूजा करते? उस दिन सब कोऑर्डिनेटेड तरीके से अलग अलग मंदिरों में भी जा सकते हैं। कुछ भी करके विपक्षी पार्टियों को व्यापक हिंदू समाज में यह संदेश देना चाहिए कि वे अयोध्या में राममंदिर निर्माण से खुश हैं और हिंदू धर्म के इस गौरवपूर्ण क्षण में उनके साथ हैं।

हिंदुत्व और मंदिर के अलावा मोदी के चुनावी विमर्श में राष्ट्रवाद एक बड़ा मुद्दा है और उन्होंने इसके साथ ही बुनियादी ढांचे के विकास, गरीब कल्याण, लाभार्थी आदि के नैरेटिव को भी शामिल किया है। विपक्ष को इसका जवाब भी खोजना होगा। नरेंद्र मोदी द्वारा सेट किए गए एजेंडे के बरक्स एक वैकल्पिक एजेंडा तय किए बगैर चुनाव एकतरफा हो जाएगा। विपक्ष की ओर से लगातार यह प्रयास होता है कि विकास और आम लोगों की भलाई के मुद्दे पर सरकार को विफल करार दिया जाए। वह प्रयास जारी रखते हुए विपक्ष को अपना एक मॉडल पेश करना होगा और उसे ऐसे पेश करना होगा कि जनता उस पर भरोसा करे।

ध्यान रहे नरेंद्र मोदी को जिन लोगों ने दो चुनावों में वोट किया है उनका वोट तोड़ना मुश्किल है। वह वोट ज्यादा मजबूती से मोदी के साथ जुड़ा है। लेकिन जिसने पहले मोदी को वोट नहीं किया है या जो लोग पहली बार वोट करेंगे या जो नए लोग मतदान करने जाएंगे उनका वोट अपनी ओर करने का प्रयास विपक्ष को करना चाहिए। इसके लिए एक तरीका तो वह है, जिसे आजमाने की बात सब कर रहे हैं। अगर अधिकतर सीटों पर भाजपा बनाम विपक्ष का मुकाबला हो यानी वन ऑन वन मुकाबला बने तो अपने आप विपक्ष का वोट एकजुट होगा। लेकिन इसके लिए उन मतदाताओं को अपने एजेंडे और विकास के रोडमैप से यह भरोसा भी दिलाना होगा कि वह विपक्ष के उम्मीदवार को वोट करके गलती नहीं कर रहा है।

# बच्चों, मीडियाकर्मियों की कब्रगाह

//श्रुति व्यास//

**गाजा की वाहेल दहदू की दुनिया कतरा-कतरा करक बिखर रही है। तीन दिन पहले, वाहेल ने अपने परिवार के पांचवे सदस्य, सबसे बड़े बेटे हमजा दह को दफनाया। चार महीने पहले उन्होंने अपनी पत्नी, 15 साल के बेटे, 7 साल की बेटी और 18 माह की पोती को सुपुर्देखाक किया था। परिवार के ये सभी लोग इजरायली हवाई हमलों में मारे गए थे। बावजूद इसके वाहेल की हिम्मत टूटी नहीं है। वे इजराइल द्वारा गाजा में किए जा रहे नरसंहार को दुनिया को दिखाने में जुटे हुए हैं। वाहेल दाहूद, अल जज़ीरा के गाजा ब्यूरो चीफ हैं। उनके पुत्र हमजा भी अल जजीरा के संवाददाता थे और अपने एक साथी पत्रकार मुस्तफा थुराया के साथ यात्रा पर थे जब खान युनिस के पश्चिमी हिस्से में एक इजरायली मिसाइल उनकी कार से आ टकराई। जिस कब्रिस्तान में उनके पुत्र को दफनाया गया वहीं से बातचीत करते हुए वाहेल बुझे-बुझे लेकिन शांत नजर आए। उन्होंने कहा कि वे गाजा के उन ढेर सारे लोगों में से एक हैं जो हर दिन अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई देने को मजबूर हैं।**

गाजा न केवल 'हजारों बच्चों की कब्रगाह' बन गया है बल्कि यह मीडियाकर्मियों के लिए भी सबसे घातक इलाका है। गाजा पर इजरायली हमले शुरू होने के बाद के तीन महीनों में वहां 79 पत्रकार जान गवां चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। सन् 1992 से कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्टस (सीपेजे) ने गाजा के इलाकों का कवरेज करने वाले पत्रकारों के आंकड़े संकलित करने प्रारंभ किया है। तब से लेकर आज तक, गाजा में पहले महीने में मारे गए पत्रकारों की संख्या किसी भी अन्य संघर्ष में मारे गए पत्रकारों से अधिक है। दूसरे युद्ध, जो रूस और यूक्रेन के बीच 2022 से जारी है, में अब तक कुल 17 पत्रकारों ने अपनी जान गंवाई है। फ्रेंच कैमरामैन फ्रेडरिक लेकलेर्क-इमहाफ, जो मई में मारे गए, के बाद से वहां अब तक किसी पत्रकार ने अपनी जान नहीं खोई है। मगर गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या द्वितीय विश्वयुद्ध में मृत पत्रकारों की संख्या (69) से अधिक हो गई है। वियतनाम युद्ध में 63 पत्रकारों ने जान गंवाई थी और सीपीजे के अनुसार, ईराक में 2003 से लेकर अब तक 283 पत्रकार मारे हैं जिनमें युद्ध के पहले माह ङ्क मार्च 2003 और अप्रैल 2003 के बीच ङ्क मारे गए 11 पत्रकार भी शामिल हैं।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि इजराइल-गाजा युद्ध अब तक के युद्धों में पत्रकारों, बच्चों, शिशुओं, महिलाओं, मानवता और सभ्यता के लिए सबसे घातक रहा है, और उसके प्रभावितों की संख्या भविष्य में और बढ़ेगी। एक विभीषिका के बाद दूसरी, एक नरसंहार के बाद दूसरा, हर दिन के हर घंटे में हो रहा है लेकिन इसके खिलाफ नाराजगी नजर नहीं आती। दुनिया के नेता अब भी इतने दब्बू और डरपोक बने हुए हैं कि वे साफ शब्दों में बीबी से विनाश और मौतें रोकने के लिए नहीं कह पा रहे हैं। दुनिया भर का मीडिया इतना भयभीत है कि वो लाईव टीवी पर चुपचाप गाजा को मलबे का ढेर बनता दिखा रहा है।पर खरी-खरी कहने की हिम्मत किसी की नहीं है।

जब इजराइल ने विदेशी पत्रकारों के गाजा में प्रवेश पर पाबंदी लगाई, तो जान हथेली पर रखकर सारी दुनिया को सच्चाई बताने का दायित्व फिलिस्तीनी पत्रकारों पर आ गया। जैसा कि रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा इजराइल गाजा को मीडिया कवरेज से पूरी तरह महरूम करने के बहुत निकट पहुंच चुका है ।अब केवल फिलिस्तीनी ही वहां से सच्चाई बयां कर रहे हैं और एक-एक करके उन्हें भी खामोश किया जा रहा है। पत्रकार भी साधारण नागरिक हैं और गाजा में कोई भी स्थान उनके लिए महफूज नहीं है। इस छोटे से इलाके में लगातार चल रहे इजराइल के अंधाधुंध हमलों से सभी को खतरा है। पत्रकार अस्पतालों से खबरें दे रहे हैं, लेकिन अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है, वे सुरक्षित स्थान की तलाश में जा रहे लोगों के काफिलों की खबरें दे रहे हैं, लेकिन उन काफिलों पर भी हमले हो रहे हैं। मरने वालों पत्रकारों की बढ़ती संख्या के बीच सीपीजे यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि क्या जानबूझकर पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसी शंका होने की एक वजह यह है कि लेबनान, जहाँ हालात इतने अराजकतापूर्ण नहीं हैं, वहां एक पत्रकार और कैमरामेन की मौत के संबंध में रिपोटर्स विदाउट बॉर्डर्स इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि इजराइल ने उन पर जानबूझकर हमला किया। और यदि इजरायली सेना जानबूझकर पत्रकारों को निशाना बना रही है तो इसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। युद्ध जैसे-जैसे गंभीर रूप ले रहा है, मरने वालों की संख्या बढ रही है और समुदाय बर्बाद हो रहे हैं, वैसे=वैसे यहूदियों के प्रति जो सहानुभूति और भाईचारे का भाव था, वह तेजी से तिरोहित हो रहा है और यहूदी-विरोधी विचारधारा जोर पकड़ रही है। लोग युद्धविराम का आव्हान कर रहे हैं। कल ही अमरीकी राष्ट्रपति जो बाईडन जब साऊथ कैरोलिना में एक ऐतिहासिक चर्च में भाषण दे रहे थे तब युद्धविराम के पक्ष में नारेबाजी के कारण उन्हे अपना भाषण रोकना पड़ा। इस स्थिति से इजराइल के शासक चिंतित हैं क्योंकि वे पश्चिमी हथियारों, अनुदान और कूटनीतिक समर्थन पर बहुत हद तक निर्भर हैं। यदि यूरोप और अमेरिका में जनमत उनके खिलाफ हो गया ङ्क जिसकी शुरूआत हो गई है ङ्क तो मदद खतरे में पड़ जाएगी। तो नैरेटिव को अपने पक्ष में कैसे रखा जाए। गाजा से आने वाली आवाज और तस्वीरों को रोक दो, वहां मौजूद आईने तोड़ दो जिससे इजराइली सशस्त्र बलों द्वारा वहां ढाए जाने वाले जुल्मों की दास्तानें छुपी रहें। यह अत्यंत निराशाजनक और त्रासद है कि अंतर्राष्ट्रीय प्रेस इसका मूक दर्शक बना हुआ है और वे खबरें भी नहीं दे रहा हैं जो उसे मालूम हैं। ऐसा लगता है कि दुनिया की हर संस्था और हर नेता ने गाजा में हर दिन हो रही तबाही से नजरें फेर ली हैं। जो हो, सलाम गाजा के उन पत्रकारों का जो हर दिन अपने परिवारजनों और अपने साथियों को खो रहे हैं, और अपनी भी जान हथेरी पर रख कर खबरे दे रहे है।

## हेडलाइन ही मकसद है

हेडलाइन बनी कि इस वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था की प्रतिष्ठा बरकरार रखेगी। लेकिन इस सुर्खी के नीचे के विस्तार पर गौर करें, तो इस हेडलाइन से पैदा हुआ सुखबोध जल्द ही गायब हो जाता है। आज के सत्ता पक्ष के कर्ता-धर्ताओं की सारी चिंता हेडलाइन मैनेज करने की होती है, इसलिए अगर सुखद सुर्खियां बन जाएं, तो उनका काम बन जाता है। इसलिए मुख्यधारा चर्चा में सुर्खियों के नीचे छिपी सूचनाएं शायद ही कभी चर्चा का विषय बनती हैं। वर्ष 2023-24 के बारे में राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (एनएसओ) के हाल में जारी अनुमान के साथ भी यही हुआ है। हेडलाइन बनी कि इस वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करेगी और इस तरह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था की प्रतिष्ठा बरकरार रखेगी। लेकिन इस सुर्खी के नीचे के विस्तार पर गौर करें, तो इस हेडलाइन से पैदा हुआ सुखबोध जल्द ही गायब हो जाता है। तब ध्यान इस पर जाता है कि इस वृद्धि दर का सबसे बड़ा हिस्सा सरकारी खर्च से आएगा, निजी क्षेत्र के निवेश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, निजी उपभोग में वृद्धि की दर 20 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है और राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं।

कृषि, पशुपालन, वन क्षेत्र और मछली कारोबार में इस वित्त वर्ष में सिर्फ 1.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि होगी, जबकि ये क्षेत्र आज भी देश में सबसे ज्यादा रोजगार उपलब्ध करवाते हैं। देश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक योगदान करने वाले सेवा क्षेत्र का हाल भी बेहतर नहीं है। इस क्षेत्र में बड़ा योगदान करने वाले- होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण क्षेत्र की विकास दर गिर कर आधी (6.3 प्रतिशत) रह जाएगी। जहां तक हेडलाइन की बात है, तो हाल में अक्सर ऐसा देखा गया है कि जब असल आंकड़े आते हैं, तो उनमें नकारात्मक संशोधन करना पड़ता है। मान लें कि इस बार ऐसा नहीं होगा। तब भी यह हेडलाइन अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर का प्रतिबिंब नहीं है। बहरहाल, यह हकीकत तब मायने रखती, अगर सत्ता के सर्वोच्च स्तरों पर चिंता अर्थव्यवस्था को सचमुच गुलाबी रंग देने की होती। फिलहाल, रुझान नकारात्मक से नकारात्मक कहानी के बीच कुछ सकारात्मक ढूंढ लेने का है, ताकि आबादी के एक बड़े हिस्से में सब कुछ ठीक दिशा में होने का यकीन बना रहे।

## तस्वीरों की दुनिया



आज नई दिल्ली के रमेश नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में पूछताछ करते लोग।



आज नई दिल्ली के शास्त्री पार्क में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान एक लड़की की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई।



आज नई दिल्ली के रमेश नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोग 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ लेते हुए।




केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करते हुए।



केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करते हुए।




केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करते हुए।

# ईवीएम को लेकर जनता की आशंका दूर कर रहा है चुनाव आयोग, मतदाताओं को जागरूक करने की पहल शुरू



**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

ईवीएम और वीवीपैट को लेकर विपक्षी पार्टियों के आरोप के बीच चुनाव आयोग ने मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान शुरू किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिल्ली कार्यालय (सीईओ) द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।जिससे कि आम नागरिक की आशंका दूर की जा सके। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव से पहले व परिणाम आने के बाद ईवीएम और वीवीपैट को लेकर राजनीति शुरू हो जाती है। पिछले दिनों कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर ईवीएम के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आईएनडीआईए गठबंधन के प्रतिनिधियों को बुलाने की मांग की थी। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के आरोपों का खंडन किया है। उसका कहना है कि चुनाव में ईवीएम के उपयोग पर पूरा विश्वास है। यह पूरी तरह से सुरक्षित है। विपक्षी पार्टियों के इस तरह के आरोप के कारण आम नागरिक में गलत संदेश जा रहा है। इसे ध्यान में रखकर जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। सीईओ कार्यालय के कर्मचारी ईवीएम व वीवीपैट लेकर आम नागरिक के बीच पहुंच रहे हैं। उन्हें इसके माध्यम से मतदान की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है। कोई भी व्यक्ति ईवीएम का बटन दबाकर देख सकता है कि उसके द्वारा किया गया वोट वीवीपैट में दिख रहा है या नहीं। सीईओ कार्यालय के कर्मचारियों का कहना है कि यह सामान्य प्रक्रिया है। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले भी इस तरह का अभियान चलाया गया था। 14 मार्च तक यह अभियान चलेगा।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में दिल्ली नगर निगम को मिला 90वां स्थान, एनडीएमसी की रैकिंग सुधरी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023 के परिणामों को लेकर गुरुवार सूची जारी कर दी, जिसमें दिल्ली नगर निगम को 446 शहरी स्थानीय निकायों में 90वां स्थान दिया गया। वहीं, एनडीएमसी द्वारा प्रशासित नई दिल्ली क्षेत्र को केंद्र के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में सबसे स्वच्छ शहर श्रेणी में सातवां स्थान मिला है।यह पहली बार है कि एमसीडी ने केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लिया है, क्योंकि पहले से मौजूद तीन नागरिक निकायों को 2022 में फिर से एक इकाई में एकीकृत किया गया था। इंदौर और सूरत को देश में सबसे स्वच्छ शहर चुना गया, जबकि नवी मुंबई ने सर्वेक्षण में तीसरा स्थान बरकरार रखा। गुरुग्राम स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर जगह नहीं बन पाया। गुरुग्राम को 140 स्वच्छता रैंकिंग मिली है।

## अयोध्या को मिलेगी बड़ी सौगात, 366 करोड़ से बनेगा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

**लखनऊ, 12 जनवरी ।**

योगी सरकार अयोध्या में रहने वाले व यहां आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 365.89 करोड़ रुपये की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनवाने जा रही है। अमृत-2 के तहत इस परियोजना में काम होगा। गुरुवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिये नगर विकास विभाग के इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई। अयोध्या में सरयू नदी जलापूर्ति स्रोत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट फेज-एक का काम होना है। नगर विकास विभाग के इस प्रस्ताव के तहत 13.47 करोड़ रुपये सेंटेज और 2.69 करोड़ रुपये लेबर सेस को शामिल करते हुए कुल 365.89 करोड़ रुपये से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना है। गुरुवार को सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी। इस योजना के अंतर्गत प्रस्तावित काम पूरा होने के बाद अयोध्या में पुनर्गठन पेयजल योजना द्वारा यहां रहने वालों को शत-प्रतिशत शुद्ध पेयजल मिलने लगेगा।

# नामी ड्रग्स तस्कर लाहु गुज्जर के घर पुलिस ने मारा छापा अराजक तत्वों ने किया पथराव, पुलिसकर्मी हुआ घायल

**बिश्नाह, 12 जनवरी [एजेंसी]।**



कुख्यात अपराधी ड्रग्स व गोवंश तस्कर लाहु के बिश्नाह के गांव चक बाज़ीरु में छुपे होने की सूचना जम्मू पुलिस को मिली ।लाहु गुज्जर को गिरफ्तार करने के जम्मू पुलिस अधिकारियों ने एसपी मुख्यालय रमनीश गुप्ता की देखरेख में सुबह करीब साढ़े पांच बजे चक वजीरू स्थित उसके ठिकाने पर छापा मारा। छापामारी दल में एसडीपीओ. आरएसपुरा, एसएचओ बिश्नाह,आबिद बुखारी थानां प्रभारी अरनिया दीपक कटोच, थानां मीरान साहिब, भूपिंदर सिंह एस.एच.ओ. आरएसपुरा, नवीन अंगराल ने अपनी पुलिस टीम के अलावा आईआरपी और एसओजी के 200 के करीब जवानों के साथ रात 3 बजे संयुक्त रूप से छापेमारी की। बिश्नाह क्षेत्र का वीरप्पन से भी खतरनाक बन चुके लाहु गुज़्ज़र को पहले की तरहां इस बार भी अपने मुखबिरों से इस छापेमारी की सूचना मिल चुकी थी और उसने पुलिस के साथ आमना सामना करने की योजना बना ली थी, और जैसे ही पुलिस के 200 से ज्यादा जवानों ने लाहु गुज्जर के घर ब ठिकाने को चारों तरफ से घेर कर उसे ललकारा ब आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, तो अंदर पेहले से तैयार बैठे लाहु गुज्जर ब साथियों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया ब पुलिस को कुछ दिखाई न दे उसने गुज्जर बस्ती की बिजली काट दी, और पथराव तेज कर दिया।

जब पुलिस कार्यबाही करने लगीं तो हमलाबरो ने अपने बच्चे ब महिलाओं को आगे कर दिया और खुद पथराव तेज कर दिया, जिसमें आईआरपी के एक हैडकांस्टेबल बंसी लाल घायल हो गया,घायल पुलिस कर्मचारिओं की शंख्या और ज्यादा भी हो सकती थी ,लेकिन इन पत्थरबाजों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हवा में के राउंड फायरिंग की। लेकिन इस बीच हर बार की तरहां इस बार भी लाउ गुज्जर फिर से मौके से भागने में कामयाब हो गया।

इससे पेहले भी इस कुख्यात अपराधी को पकड़ने के लिए गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी करने जाती रही है और हर बार लाहु गुज़्ज़र दो तीन पुलिस कर्मचारियों को पीट कर घायल कर देता और खुद भाग जाता। इससे पहले एक थानां प्रभारी ताहिर खान सेहत आधा दर्जन पुलिस कर्मियों को लाहु गुज़्ज़र घायल कर चुका है लेकिन पुलिस अभी तक लसे गिरफ्तार करने में नाकाम रही हैं, इस ड्रग्स तस्कर ब गौवंश तस्कर पर आसपास के 10 थानों में संगीन अपराधों के मामले दर्ज है पर बह फिर भी बे खोफ अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है।

# यूपी से लेकर उत्तराखंड तक... पुलिसकर्मियों के वर्दी में रील बनाने पर कई बार हुई कार्रवाई, कहीं बनी पॉलिसी तो कोई हुआ सस्पेंड

**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

आज का दौर डिजिटल मीडिया का है और हर कोई फेमस होने के चक्कर में अपनी डांस से लेकर अजीब हरकतों की वीडियो सोशल मीडिया पर डाल देता हैं। वहीं, उत्तराखंड में पुलिसकर्मियों की वर्दी में रील बनाने और उस वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की मिल रहीं सूचनाओं को देखते हुए पुलिस विभाग ने प्रदेश के सभी पुलिसकर्मियों के लिए सोशल मीडिया पॉलिसी बना दी है। उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय ने कुछ प्रतिबंध लागू किए हैं और साथ ही एडवायजरी में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी कार्मिक सोशल मीडिया से आय प्राप्त नहीं करेगा। वहीं, अगर कर्मी ने किसी भी गाइडलाइन का उल्लंघन कियो तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अलग-अलग जिलों में पुलिस वर्दी में कर्मियों की वीडियो सामने आ चुकी हैं, जिसके बाद उनपर कार्रवाई भी की गई।साथ ही छत्तीसगढ़ में पुलिसवालों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर पुलिस मुख्यालय ने गाइडलाइन जारी कर दी थी। निर्देश जारी कर बताया था कि वर्दी में



पुलिसवाले गाने और ठुकमे नहीं लगा पाएंगे। साथ ही अधिकारी भी वर्दी पहनकर सोशल मीडिया पर रील नहीं बना पाएंगे। इससे पहले, उत्तर प्रदेश के नोएडा में मशहूर होने के लिए एक कोतवाल ने अपनी रील बनवाई जिसके बाद उनको कमिश्नर ने लाइन हाजिर कर दिया था। हालांकि, पिछले साल उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिसकर्मियों के लिए निर्देश जारी कर दिए थे कि अगर कोई पुलिसकर्मी वर्दी में वीडियो बनाते हुए पाया गया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, यूपी के ही एटा में रामपुर थाने में तैनात दो मंगेतर पुलिसकर्मियों अनु और संदीप राजा काा वीडियो तीन वर्ष पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

पुलिस कांस्टेबल महिला और उसका मंगेतर वीडियो में गाना गाते दिख रहे थे। मामला जब अधिकारियों के संज्ञान में आया तो दोनों सिपाहियों के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए।इसी प्रकार सीएम योगी की नगरी गोरखपुर से भी ऐसा मामला सामने आया था। गोला थाना पर तैनात दो सिपाहियों ने डांस करते हुए टिकटॉक पर वीडियो वायरल हो गया था। सेलिब्रेटी बनने के लिए उन्होंने वर्दी और डंडा लेकर ठुमके लगाए और उसका वीडियो बनाकर पोस्ट कर दिया। इस एसएसपी ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया था।आगरा के थाना एमएम गेट में तैनात प्रशिक्षु महिला सिपाही प्रियंका मिश्रा का वीडियो पिछले वर्ष सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। उन्होंने अपनी कमर में रिवाल्वर भी लगाई था और उसे निकालकर एक्शन में जमकर डायलॉग बोले थे। मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो जांच के बाद महिला सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया था।

## जेईई मेन की 24 से होगी परीक्षा तीन दिन पहले मिलेंगे एडमिट कार्ड

**अंबाला, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम-जेईई मेन 2024 की 24 जनवरी से परीक्षा होंगी, जो 1 फरवरी तक चलेंगी। यह परीक्षाएं एक सप्ताह के दौरान सात शिफ्टों में होने की संभावना जताई जा रही है।इस परीक्षा को लेकर एडमिट कार्ड भी परीक्षा से तीन दिन पहले ही मिलेगा। बता दें कि जनवरी सेशन की परीक्षा बीई-बीटेक की 7 दिनों में 14 शिफ्टों में होने की संभावना है। विद्यार्थियों को परीक्षा 14 से 18 जनवरी के बीच होने की संभावना है। एडमिट कार्ड परीक्षा से तीन दिन पहले जारी हो सकेंगे। एडमिट कार्ड परीक्षा से तीन दिन पहले जारी होंगे। जनवरी सेशन के लिए जेईई मेंस परीक्षा 24 जनवरी से शुरू होनी है, जोकि एक फरवरी तक विभिन्न परीक्षा केंद्र में आयोजित की जाएगी।परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 20 जनवरी तक रिलीज कर दिए जाएंगे। एग्जाम सिटी स्लिप जनवरी के दूसरे हफ्ते में जारी की जाएगी। जेईई मेंस जनवरी सेशन परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड और एग्जाम सिटी स्लिप आधिकारिक वेबसाइट **jeemain.nta.ac.in** पर रिलीज किए जाएंगे।जनवरी सेशन के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की आनलाइन जमा करवाई फीस रिफंड हो गई। इससे आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने फीस जमा करवा दी और आवेदन का पुष्टि हो गई। फिर भी तकनीकी कारणों से फीस रिफंड हो गई। एनटीए को इस तरह की शिकायत मिली।

## राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पेपर- 1 व पेपर- 2 का नया पैटर्न किया जारी

**शिमला।** राज्य लोक सेवा आयोग ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में असिस्टेंट ला आफिसर, हिमुडा में असिस्टेंट इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) व असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल) और राज्य सहकारिता कृषि व ग्रामीण विकास बैंक में असिस्टेंट मेनेजर (ला) के पदों के लिए होने वाली परीक्षाओं के दृष्टिगत पेपर-1 और पेपर-2 का नया पैटर्न व पाठ्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत पेपर-1 में 100 अंकों के 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह पेपर एक घंटे का होगा। इसमें शून्य व नेगेटिव अंक हासिल करने वाले उम्मीदवार मेरिट में शामिल नहीं होंगे। वहीं पेपर-2 सब्जेक्ट एप्टीट्यूड टेस्ट होगा। यह 120 अंकों का और तीन घंटे का हेगा। इन पेपरों की मार्किंग स्कीम भी जारी कर दी है। गलत उत्तर देने पर उक्त प्रश्न में 0.25 अंक की नेगेटिव मार्किंग होगी।

## साइफर मामले में इमरान खान की इन-कैमरा सुनवाई पर हटी रोक, पूर्व प्रधानमंत्री ने की थी अपील



**इस्लामाबाद, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के विरुद्ध साइफर मामले की इन-कैमरा सुनवाई पर रोक हटाते हुए 14 दिसंबर के बाद हुई सभी सुनवाई को अमान्य घोषित कर दिया। जस्टिस मियांगुल औरंगजेब ने इन-कैमरा सुनवाई के विरुद्ध इमरान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की अपील पर सुनवाई की। विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्केरनैन ने 14 दिसंबर को संवेदनशील मामला बताते हुए इन-कैमरा सुनवाई का आदेश दिया था। चुनौती याचिका पर हाई कोर्ट ने 11 जनवरी तक मामले की सुनवाई रोक दी थी। मामले की सुनवाई रावलपिंडी की अदियाला जेल में हो रही है। इसी जेल में बंद दोनों नेताओं पर अमेरिका में पाकिस्तान दूतावास द्वारा भेजे गए एक राजनयिक संदेश का अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए गलत तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने पेशावर हाई कोर्ट द्वारा इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के पक्ष में दिए गए फैसले को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। आयोग ने पीटीआई के सांगठनिक चुनाव को असंवैधानिक करार देते हुए उसका चुनाव चिह्न बैट छीन लिया था। हाई कोर्ट ने बुधवार को आयोग के आदेश को निष्प्रभावी कर दिया।

## बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं लगाने पर सहकारिता विभाग सख्त, 10 अधिकारी और 14 कर्मचारीयों पर चार्जशीट दायर

**चंडीगढ़, 12 जनवरी [एजेंसी]।**




सहकारिता विभाग में आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) से उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की अब खैर नहीं। बायोमेट्रिक उपस्थिति में लापरवाही पर सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने बड़ा एक्शन लेते हुए 10 अधिकारियों और 14 कर्मचारियों को चार्जशीट किया है। इसके अलावा अनुबंध पर लगे 19 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 26 को चेतावनी दी गई है। विभाग के रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने बताया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का 15 अप्रैल 2023 से लेकर जनवरी 2024 तक अध्ययन करवाकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करवाई गई।

जांच के उपरांत पता लगा कि कई अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक से नहीं लगा रहे थे। जांच के आधार पर 69 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया। इनमें से 10 अधिकारियों को नियम 4 (बी) के तहत कड़ी सजा, 14 कर्मचारियों को नियम 4 (ए) के तहत चार्जशीट और 19 संविदा कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और 26 कर्मचारियों को चेतावनी दी गई।उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी सरकारी कार्यालयों में आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई थी।

कोविड-19 महामारी के कारण इसे रोक दिया गया था।हालांकि 15 अप्रैल 2023 को फिर से बायोमेट्रिक उपस्थिति शुरू की गई थी, परंतु देखने में आ रहा था कि कई कर्मचारी कार्यालय में देर से आ रहे थे और समय के पाबंद नहीं थे।जोगपाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जााएगी।

## व्हाइट डीप नेक गाउन में Shama Sikander ने दिखाई खूबसूरत अदाएं, यूजर बोले- रूप तेरा मस्ताना

**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

बॉलीवुड एक्ट्रेस शमा सिकंदर अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटोज के चलते सुर्खियों में रहती हैं। शमा का फैशन सेंस कमाल का है। अक्सर अपने स्टाइल से वह फैंस को अपना दीवाना बनाती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। गुरुवार को शमा ने कुछ तस्वीरें साझा की, जिन्हें देखकर फैंस के होश उड़ गए। शमा सिकंदर का हर अंदाज उनके फैंस को पसंद आता है। एक्ट्रेस पर लोग दिल खोलकर प्यार लुटाते हैं। वहीं अब लेटेस्ट लुक में एक्ट्रेस ने अपना ग्लैमरस अंदाज दिखाया है। 11 जनवरी को श शमा सिकंदर ऑफ-शोल्डर व्हाइट आउटफिट में पोज देती नजर आईं। शमा अपनी अलग-अलग अदाएं दिखाते हुए कैमरे के सामने पोज दिए हैं और इन फोटोज के कैप्शन में



एक्ट्रेस ने लिखा, रूप मेरा मस्ताना। शमा की तस्वीरों पर फैंस कमेंट्स न करे ऐसा तो हो नहीं सकता। फैंस को एक्ट्रेस का बोल्ड अवतार काफी पसंद आ रहा है। एक फैन ने कमेंट में लिखा, रूप तेरा मस्ताना । दूसरे फैन ने लिखा, आप बहुत खूबसूरत हैं, मैं आपको फिल्म में देखना चाहता हूं। शमा सिकंदरने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 1998 में फिल्म प्रेम अगन से की थी। साल 2003 से 2005 तक वो यह मेरी लाइफ है नाम के टीवी शो में नजर आईं। इसके बाद साल 2008 में शमा ने एक खिलाड़ी एक हसीना से टीवी रिएलिटी शो की दुनिया में कदम रखा था।हालांकि, पिछले कुछ समय से शमा सिकंदर पर्दे से दूर हैं। उन्होंने न्यूज 18 को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि, अब वह वेब सीरीज और फिल्मों में काम करना चाहती हैं और टेलीविजन इंडस्ट्री में काम नहीं करना चाहती।

## भारत से पुलिस अधिकारियों की भर्ती पर विचार कर रहा सिंगापुर संसद में बोले कानून और गृह मामलों के मंत्री शनमुगम

**सिंगापुर, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

सिंगापुर भारत, चीन, फिलीपींस और म्यांमार से पुलिस अधिकारियों की भर्ती पर विचार कर रहा है। सिंगापुर के कानून और गृह मामलों के मंत्री के शनमुगम ने कहा कि हाल के कुछ वर्षों में सहायक पुलिस अधिकारी (एपीओ) के लिए ताइवान से लोगों की संख्या में कमी आई है, जिसकी वजह से इसे लेकर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए गृह मामलों का मंत्रालय एपीओ भर्ती के अपने क्षेत्र को ताइवान से विस्तार देना चाह रहा है। इनमें संभावित रूप से भारत, चीन आदि से लोगों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें सहायक पुलिस बल को सुरक्षा सेवा में बढ़ती मांग को लेकर विदेशों से एपीओ की भर्ती को मंजूरी देने की जरूरत है।उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय कार्यबल में कमी, शारीरिक फिटनेस जैसी आवश्यकताओं को देखते हुए सहायक पुलिस बलों को एपीओ की पर्याप्त संख्या को बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शनमुगम संसद सदस्य और विपक्षी वर्कर्स पार्टी के अध्यक्ष सिल्विया लिम के संसदीय प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। मंत्री से पूछा गया था कि क्या सिंगापुर अब भी ताइवान से एपीओ की नियुक्ति कर रहा है। ताइवान से यह भर्ती 2017 से किया जा रहा है।

## सीएम मनोहर लाल से मिले अशोक तंवर बीजेपी में शामिल होने की अटकलें हुई तेज

**चंडीगढ़।** राज्यसभा में नहीं भेजे जाने से नाराज चल रहे आम आदमी पार्टी हरियाणा की प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर के किसी भी समय पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने की अटकलों ने जोर पकड़ लिया है। नई दिल्ली के एक होटल में अशोक तंवर की हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से करीब 25 मिनट मुलाकात हुई है। इस मुलाकात के बाद संभावना जताई जा रही है कि अशोक तंवर मकर संक्रांति के आसपास गले से आम आदमी पार्टी का पटका निकालकर भाजपा का भगवा पटका पहन सकते हैं।हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष एवं सिरसा से सांसद रह चुके डॉ. अशोक तंवर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से राजनीतिक टशन के चलते कांग्रेस को अलविदा कहा था। उस समय भी तंवर के भाजपा में शामिल होने की अटकलें चली थी, लेकिन तंवर ने तब भाजपा में जाने की बजाय आम आदमी पार्टी की झाड़ू थामना अधिक फायदेमंद समझा था। हाल ही में पूर्व मंत्री निर्मल सिंह और उनकी बेटी चित्रा सरवारा की कांग्रेस में वापसी हुई है।निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा के कांग्रेस में लौटने के बाद डॉ. अशोक तंवर को लग रहा था कि आम आदमी पार्टी उन्हें दिल्ली से राज्यसभा में भेज देगी। इसलिए वह इंतजार करते रहे, लेकिन राज्यसभा में स्वाति मालीवाल को भेज देने के बाद अशोक तंवर ने आम आदमी पार्टी में रहने का अपना निर्णय बदल लिया।हरियाणा कांग्रेस के प्रवक्ता रह चुके मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रचार सलाहकार तरुण भंडारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और अशोक तंवर की नजदीकियां बढ़ी। तरुण भंडारी ने ही नई दिल्ली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के गुजरात वाइब्रेंट में शामिल होने जाने से पहले अशोक तंवर की उनसे एक होटल में मुलाकात कराई।बताया जाता है कि अशोक तंवर को सिरसा अथवा अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा चुनाव लड़वा सकती है। इनमें एक सीट कौन सी होगी, यह भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा। अशोक तंवर के समर्थकों की दलील है कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी सीटों के बंटवारे के तहत कांग्रेस से अभी तक कोई सीट हासिल नहीं कर पाई। ऐसे में लोकसभा चुनाव की तैयारी पर फर्क पड़ रहा है। इसलिए उनके लिए भाजपा में जाना अधिक फायदेमंद होगा, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के रहते उनकी कांग्रेस में वापसी संभव नहीं है। भाजपा को भी अशोक तंवर सरीखे जिताऊ चेहरों की तलाश है, जो कांग्रेस के लिए राजनीतिक मुश्किलें खड़ी कर दें। इससे पहले अशोक तंवर के बेहद नजदीकी नरेश मग्गू ने मंगलवार को अशोक तंवर को अपना भारत मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में प्रचारित करते हुए एक पोस्ट की।

# ऐतिहासिक होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, कार सेवकों के परिजनों से लेकर भारतीय प्रवासियों तक के शामिल होने की संभावना

**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों-शोरों पर चल रही हैं। दुनियाभर में अयोध्या को लेकर चर्चा छिड़ी हुई है। 22 जनवरी को होने वाले इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, नागरिक पुरस्कार प्राप्तकर्ता से लेकर सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने वाले लोगों में शामिल हैं। समाचार एजेंसी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सूत्रों के हवाले से गुरुवार को बताया कि कानूनी लड़ाई के दरमियां रामलला का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ताओं को भी निमंत्रण दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करने के लिए तैयार हैं। वहीं, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। सूत्रों के मुताबिक, इस समारोह में शिरकत करने वाले मेहमानों में मृतक



कार सेवकों के परिजन, राम मंदिर आंदोलन में शामिल नेताओं के परिजन, वकीलों का एक समूह, हिंदू संत, नेपाल के संत समुदाय के प्रमुख सदस्य, जैन, बौद्ध और सिख समुदाय के सदस्य, आदिवासी समाज के लोग, अखबारों और टीवी चैनलों के प्रमुख व्यक्ति, नोबेल पुरस्कार, भारत रत्न, परमवीर चक्र, पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले गणमान्य सदस्य शामिल होंगे।

सूत्रों ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश, सेना की तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त प्रमुख, पूर्व राजदूत, प्रशासनिक अधिकारी, बुद्धिजीवी, खिलाड़ी, प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रमुख और उद्यमी शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, तकरीबन 50 देशों से कुल 55 भारतीय प्रवासियों को भी आमंत्रित किया जाएगा, जो विदेशों में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। मंदिर के अधिकारियों के मुताबिक, 16 जनवरी से समारोह की शुरुआत होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 22 जनवरी की दोपहर राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की स्थापना करने का निर्णय लिया गया।

# टमाटर को फ्रिज में रखकर खाना बॉडी में जहर की तरह करता है काम

हम अक्सर अपनी बिजी लाइफस्टाइल के कारण खाने-पीने की चीजों को लंबे समय तक फ्रिज में स्टोर करके रख देते हैं. पर क्या आपको पता है कि ऐसा करने से कुछ चीजें खराब या नुकसानदेह हो सकते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है.

ज्यादातर लोग टमाटर को फ्रिज में स्टोर करते हैं और उन्हें रखकर एक सप्ताह तक या महीनों तक चलाते हैं. लेकिन डायटिशियन के अनुसार टमाटर को कभी भी फ्रिज में स्टोर करके नहीं खाना चाहिए. फ्रिज में रखकर खाने से तासीर बदल जाती है और वह हमारे शरीर के लिए नुकसानदायक होता है.

### होती है यह समस्या

टमाटर में पाए जाने वाला लाइकोपीन एक कारोटेनॉयड एंटीऑक्सीडेंट है, जो इसे लाल रंग प्रदान करता है. जब टमाटर को फ्रिज में रखा जाता है, तो फ्रिजर की ठंडक के कारण लाइकोपीन की संरचना में बदलाव हो जाता है. यह अब एक ग्लाइकोएल्कलॉयड में बदल जाता है जिसे टोमेटिन ग्लाइकोएल्कलॉयड कहा जाता है.यह टोमेटिन ग्लाइकोएल्कलॉयड शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है. इससे आंतों में सूजन, मतली, उल्टी और दस्त जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं, यह लिवर और किडनी को भी नुकसान पहुंचा सकता है. इसलिए टमाटर को लंबे समय तक फ्रिज में रखकर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. बल्कि कमरे के तापमान पर ही स्टोर करना चाहिए. तभी इसको खाने का फायदा है.

### फ्रिज में स्टोर न करें टमाटर

एक्सपर्ट के अनुसार टमाटर को फ्रिज में रखने से उसका स्वाद और सुगंध दोनों ही बदल जाता है. टमाटर पकने के बाद एथिलीन गैस छोड़ती है. फ्रिज में रखने के बाद टमाटर की अंदर की झिल्ली टूट जाती है. जिससे वह मुलायम होकर जल्दी गलने लगता है. फ्रिज में जो पकने की प्रक्रिया को धीमा करने में मदद करती है. और इसका टेस्ट भी खराब कर देता है .फ्रिज की ठंडक में एथिलीन का उत्पादन बंद हो जाता है, जिससे टमाटर का स्वाद बदल जाता है और यह खट्टा हो जाता है.इसलिए टमाटर को हमेशा कमरे के तापमान पर स्टोर करना चाहिए.





## रेड 2 में अजय देवगन के साथ नजर आएंगी वाणी कपूर

बॉलीवुड एक्टर वाणी कपूर रेड 2 में अजय देवगन के साथ लीड रोल में नजर आएंगी।

एक्ट्रेस को शुद्ध देसी रोमांस, चंडीगढ़ करे आशिकी और वॉर जैसी फिल्मों में उनके एक्टिंग के लिए जाना जाता है।

यह फिल्म 2018 की फिल्म रेड का अगला सीक्वल है। इसमें निर्देशक राजकुमार गुप्ता और निर्माता भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार एक साथ नजर आएंगे।

फिल्म की बड़े पैमाने पर शूटिंग मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में होने वाली है।

रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। यह फिल्म गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ द्वारा प्रस्तुत की गई है और पैनोरमा स्टूडियो प्रोडक्शन है।

यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फिटनेस फ्रीक मलाइका अरोड़ा ने शेयर की वर्कआउट फोटो



मॉडल और एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा फिटनेस फ्रीक हैं। उन्होंने सोमवार को अपने सुबह के वर्कआउट की एक झलक दिखाई।

इंस्टाग्राम पर 18.8 मिलियन फॉलोअर्स वाली मलाइका ने स्टोरीज सेक्शन में एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने घर में वर्कआउट करती नजर आ रही हैं।

डांसर, जो छैया छैया गाने में अपने परफॉर्मेंस के लिए सबसे यादा जानी जाती हैं, को ब्लैक शॉर्ट्स और मैचिंग टी-शर्ट पहने देखा जा सकता है।

तस्वीर में उनके प्यारे दोस्त - पालतू डॉगी कैस्पर की एक प्यारी झलक भी दिखाई दी।

पोस्ट पर एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया, मेरा दिन शुरू करने का सबसे अछा तरीका, माई वीक अहेड।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, वह वर्तमान में सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा सीजन 11 में जज के रूप में नजर आ रही हैं।

अन्य जज अरशद वारसी और फराह खान हैं। इसे गौहर खान और ऋत्विक धनजानी होस्ट करते हैं।

## रणबीर कपूर स्टारर एनिमल फिल्म के टिकट हुए सस्ते, महज 100 रुपये में मूवी देख सकेंगे दर्शक




पिछले महीने रिलीज होने पर बॉक्स-ऑफिस पर तहलका मचाने वाली रणबीर कपूर स्टारर एनिमल की टिकट की कीमतें अब घटकर 100 रुपये कर दी गई हैं। फिल्म के टिकट अब 100 रुपये में बेचे जाएंगे। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल ने अपने तीसरे वीकेंड में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पहले ही 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। कलाकारों ने हाल ही में फिल्म की सक्सेस पार्टी की, जहां अनिल कपूर ने रश्मिका मंदाना को फिल्म का लकी चार्म बताया। एनिमल रणबीर के करियर की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है। तीन घंटे से यादा लंबी यह फिल्म भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 1 दिसंबर, 2023 को रिलीज हुई थी। इसे पांच भाषाओं - हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया गया था।

## सीरियस रोल्स करते-करते थक गई हूं, ग्रे शेड्स वाली महिलाओं की भूमिका निभाना पसंद : कोंकणा सेनशर्मा



एक्ट्रेस कोंकणा सेनशर्मा डार्क कॉमेडी थ्रिलर सीरीज किलर सूप की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने साझा किया है कि वह गंभीर और अछे किरदार के रोल्स करते हुए थक गई हैं। उन्हें ऐसी महिलाओं के किरदार निभाना पसंद है, जो थोड़ी गैर-जिम्मेदार हैं और उनका ग्रे शेड्स हो।

कोंकणा ने मनोज बाजपेयी स्टारर किलर सूप में स्वाति शेट्टी की भूमिका निभाई है।

अभिषेक चौबे द्वारा निर्देशित, सीरीज प्यार, वासना, रोमांच और रहस्य का एक मिश्रण है।

एक्ट्रेस को वेक अप सिड, पेज 3, ओमकारा, लाइफ इन ए... मेट्रो, लिपस्टिक अंडर माई बुर्का समेत कई अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है।

कोंकणा ने बताया, जब मैं रोल्स की तलाश करती हूं तो सबसे पहले देखती हूं कि स्क्रिप्ट कैसी है। उसमें किरदार अछे से लिखे जाने चाहिए, निर्देशक भी मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा, मैं ऐसे रोल्स चुनने की कोशिश करती हूं जो मुझे दिलचस्प लगते हैं, क्योंकि मैं सीरियस, अछे दिखने वाली, ईमानदार महिलाओं के रोल्स से थक गई हूं। मुझे ऐसी महिलाओं का किरदार निभाना पसंद है, जो थोड़ी गैर-जिम्मेदार हैं, जिनका ग्रे-शेड्स है, जो अपनी शर्तों पर अपनी इछानुसार जीवन जी रही हैं, इसलिए ये सब मुझे बहुत दिलचस्प लगता है।

किलर सूप के बारे में बोलते हुए, तलवार फेम मशहूर एक्ट्रेस ने कहा कि यह शो दिलचस्प और असामान्य है।


उन्होंने साझा किया, यह थोड़ा थ्रिलर, डार्क कॉमेडी, विचित्र है, एक बहुत ही असामान्य दुनिया पर आधारित है, जिसे हमने स्क्रीन और वेब सीरीज पर यादा नहीं देखा है। इसमें हर चीज का थोड़ा सा हिस्सा है।

तितली फेम एक्ट्रेस ने कहा कि इस रोल से कोई फायदा नहीं है।

कोंकणा ने कहा, बात बस इतनी है कि यह उस तरह की सीरीज है, जिसे मैं देखना पसंद करूंगी। मैं वास्तव में इस बात को लेकर उत्सुक हूं कि दर्शक इसे कैसे देखेंगे, क्या उन्हें भी यह रोमांचक लगता है। यह कुछ ऐसा है जिसने मुझे सचमुच गुदगुदाया, हर स्तर पर मुझे रोमांचित किया।

कोंकणा, जो एक निर्देशक और लेखिका भी हैं, एक फिल्म निर्माता के रूप में उनकी झोली में लस्ट स्टोरीज 2 और ए डेथ इन द गुंज जैसे प्रोजेक्ट्स हैं। किलर सूप 11 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने फैमिली वेकेशन से अपनी बेटी मालती मैरी की मनमोहक तस्वीरें की शेयर




अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास इन दिनों अपनी फैमिली के साथ वेकेशन पर हैं। अभिनेत्री ने अपनी बेटी मालती मैरी की यॉट से एक मनमोहक झलक शेयर की है, जिसमें उनकी बेटी अपने पापा निक जोनस के साथ यॉट की स्टीयरिंग व्हील को पकड़कर गा रही है।

तस्वीरें और वीडियो में प्रियंका के साथ उनकी बेटी और पति निक जोनास भी शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर अपने वेकेशन की कई तस्वीरें शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, साल 2023 मैंने ऐसे ही बिताया था और शायद अभी भी मैं ऐसे ही बिता रही हूं। यहां 2024 में शांति, राहत, परिवार, प्यार, खुशी और कम्युनिटी को हाइलाइट किया गया है। अपने प्रियजनों को लोगों को पास रखें। अगर हम ऐसा कर सकते हैं तो हम बहुत भाग्यशाली हैं, नया साल मुबारक हो।

परिवार मेक्सिको में नए साल का जश्न मना रहा था। पहली तस्वीर में निक समुद्र किनारे मालती मैरी को पकड़े हुए थे और प्रियंका उनके बगल में बैठी हैं। अगली क्लिप में प्रियंका और मालती समुद्र को देख रही हैं। अन्य तस्वीर में जब अभिनेता ने सेल्फी ली तो मालती प्रियंका के करीब थी। उनकी आउटिंग की कई अन्य तस्वीरों में तीनों को एक यॉट पर दिखाया गया था, जब मालती यॉट की स्टीयरिंग व्हील पकड़कर गा रही थी और निक ने उसे पकड़ रखा था।

## संजय दत्त ने इंडियन आइडल 14 के कंटेस्टेंट को दी जादू की झप्पी



सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल 14 के स्टेज पर पहुंचे एक्टर संजय दत्त ने कंटेस्टेंट पीयूष पंवार को ना मुंह छुपा के जियो और आप के पहलू में आकर रो दिए गाने की परफॉर्मेंस पर स्टैंडिंग ओवेशन और जादू की झप्पी दी। सेलिब्रेटिंग सुनील और नरगिस दत्त नामक विशेष एपिसोड में उनके बेटे संजय दत्त की उपस्थिति देखी गई। ढोल-ताशा के बीच एक्टर ने शो में धमाकेदार एंट्री की। जयपुर के कंटेस्टेंट पीयूष ने 1967 की क्लासिक फिल्म हमराज से ना मुंह छुपा के जियो और फिल्म मेरा साया से आप के पहलू में आकर रो दिए गाना गाया। उनका परफॉर्मेंस इतना प्रभावशाली था कि संजय को उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन देना पड़ा। परफॉर्मेंस की प्रशंसा करते हुए, खलनायक अभिनेता ने कहा, मैं आपकी और यहां उपस्थित सभी कंटेस्टेंट्स की सराहना करता हूं क्योंकि इससे पता चलता है कि हमारे देश में प्रचुर मात्रा में प्रतिभा मौजूद है! मैं वास्तव में इसके लिए इंडियन आइडल को धन्यवाद देना चाहूंगा। इतना ही नहीं, वह पीयूष को बिल्कुल मुन्ना भाई स्टाइल में जादू की झप्पी भी देते हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित व्यंग्यात्मक कॉमेडी ड्रामा मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय ने मुन्ना भाई का किरदार निभाया था। इसे भारतीय सिनेमा की कल्ट फिल्मों में से एक माना जाता है। इंडियन आइडल 14 सोनी पर प्रसारित होता है।

## वीकेंड पर बढ़ी हाय नन्ना की कमाई!

नानी और मृणाल ठाकुर की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री धमाल मचा रही है. उनकी फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी और अब 10 दिन बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए हुए है. हाय नन्ना हर रोज करोड़ों का कारोबार कर रही है. लगभग 5 करोड़ से ओपनिंग करने वाली नानी की फिल्म ने 10 दिनों में 35 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है. रिपोर्ट की मानें तो हाय नन्ना पिछले कुछ दिनों से 1 से 2.5 करोड़ तक का कारोबार कर रही थी. लेकिन दूसरे वीकेंड पर फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी हुई है. फिल्म ने नवें दिन भी सिर्फ 1.2 करोड़ो रुपए का ही बिजनेस किया था और अब 10वें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है. रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने 10वें दिन 2.75 रुपए कमा लिए हैं और अब घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल कलेक्शन 35.83 करोड़ रुपए हो गया है. शौरयुव के डायरेक्शन में बनी फिल्म हाय नन्ना बाप-बेटी के रिश्ते पर फोकस करती है.

## बॉबी देओल एनिमल की सक्सेस पार्टी में फैंस को धक्का देते बॉडीगार्ड्स पर बरसे



बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल इन दिनों अपनी हालिया रिलीज एनिमल की सफलता का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने मुंबई में फिल्म की सफलता पार्टी में हिस्सा लिया। जैसे ही अभिनेता कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, उनके प्रशंसकों ने उन पर धावा बोल दिया, जो उनकी एक झलक पाना चाहते थे और उनके साथ एक तस्वीर क्लिक करना चाहते थे।

अभिनेता के सुरक्षाकर्मियों को अभिनेता को आगे निकलने में मदद करने के लिए प्रशंसकों को धक्का देते देखा गया। हालांकि, अपने बॉडीगार्ड्स के व्यवहार को देखते हुए बॉबी ने उन्हें शांत रहने और अपने प्रशंसकों को धक्का न देने के लिए कहा।

नेटिजन्स बॉबी के हावभाव से प्रभावित हुए और उन्होंने उनकी प्रशंसा की। एक यूजर ने लिखा, आपकी एक्टिंग देखकर जनता बहुत यादा खुश हैं। एक अन्य ने लिखा, प्रशंसक उनके चारों ओर हैं, आजकल एक देओल होना कठिन हो गया है।

तीसरे ने कहा, वह बहुत शांत और विचारशील है।


एनिमल की सक्सेस पार्टी सितारों से सजी थी। इस कार्यक्रम में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी सहित फिल्म के कलाकार नजर आए। अन्य कलाकारों के अलावा सौरभ सचदेवा और सिद्धांत कार्णिक को भी पार्टी में देखा गया। फिल्म में मुख्य किरदार रणबीर अपने परिवार के साथ पार्टी में पहुंचे। पार्टी में पत्नी आलिया भट्ट, मां नीतू कपूर और ससुर महेश भट्ट भी शामिल हुए। बर्फी अभिनेता ने काले रंग का ब्लेजर पहना था, जिसे उन्होंने ग्रे शर्ट और काली पैंट के साथ जोड़ा था। आलिया ने नीले रंग की हॉल्टर ड्रेस और हील्स चुनीं।

## शब्द सामर्थ्य -301

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 300 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |



# बीएसएनएल फाइबर पाइप लगाने में नल जल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, कई मोहल्ले में नही पहुंच रहा पानी, विभाग बेखबर

**पांडवपारा कालरी।** बीएसएनएल फाइबर पाइप तार लगाने के दौरान नल जल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्राम के कई मोहल्ले में बीते चार पांच माह से पेयजल आपूर्ति ठप है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिला कोरिया के ग्राम पंचायत खोंड़ में पीएचई विभाग द्वारा पंडो बस्ती के समीप स्थित पानी टंकी से माझापारा, ऊपर पारा, गोंडपारा, कोईरपारा, हरिजन पारा सहित अन्य कई मोहल्लों में पेयजल की सप्लाई की जाती है। ग्रामीण बताते हैं कि पांडवपारा कोयलांचल में बंद पड़े बीएसएनएल टावर को चालू करने हेतु बीएसएनएल फाइबर तार व पाइप लगाने के दौरान ठेकेदार ने पेयजल आपूर्ति वाली पाइपलाइन को माझा पारा में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त कर दिया है जिससे ग्राम के कोइरपारा, हरिजनपारा,ऊपरपारा,सुनारपारा के घरों तक पानी बीते कई महीनो से नहीं पहुंच रहा है।घरों तक पानी न आने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है तो वहीं पीने के पानी के लिए लोग काफी परेशान हो रहे हैं।पेयजल की आपूर्ति लगभग 5 माह से बंद है। बड़सरा से पांडवपारा पहुंच मार्ग के किनारे किनारे बीएसएनएल फाइबर ऑप्टिकल तार व पाइप का काम ठेकेदार द्वारा किया गया है उक्त कार्य के दौरान मजदूरों से गड्ढा खोदवा कर फाइबर ऑप्टिकल पाइप तार डाला गया है जिसमे कई स्थानों पर सड़क के किनारे गड्ढे देखे जा सकते हैं जो दुर्घटना के भी कारण बन रहे हैं। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक करने हेतु बीएसएनएल फाइबर ऑप्टिकल के ठेकेदार को कई बार कहा है लेकिन आज तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। वहीं ग्रामीण पेयजल के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

### जलापूर्ति पर जल्दी दिया जाए ध्यान

अभी किसी तरह तो पेयजल की आपूर्ति तो हो जा रहा है लेकिन आगामी दिनों में पेय जलापूर्ति विकट समस्या हो जाएगी। जिसकी चिंता लोगों को सता रही है क्योंकि गर्मी में हर घर में पानी की खपत बढ़ जाती है।जिसे ठीक किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

**बिहारी लाल कुशवाहा,वार्ड पंच**

### बताया जाए कब मिलेगा पानी

पाइप लाइन जल के हम उपभोक्ता हैं। पानी के एवज में ग्राम पंचायत को नियमित रूप से बिल भी चुकाते हैं। लेकिन बीते 5- 6 माह से बीएसएनएल फाइबर ऑप्टिकल लगाने के दौरान से जलापूर्ति बाधित है। जल उपभोक्ताओं को अब पानी कब मिलेगा। यह कहना कठिन है।

**योगेंद्र कुशवाहा कोइरपारा**

अगर हमारे कार्य के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है तो तत्काल उसे लेबर लगाकर ठीक कराया जाएगा।

**कलीम अंसारी**
**मैनेजर फाइबर ऑप्टिकल**

अगर फाइबर ऑप्टिकल कार्य के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गया है तो उन्हें तत्काल ठीक भी करना चाहिए आपने संज्ञान में लाया है उसे ठीक कराता हूं।

**सीबी सिंह**
**ईई पीएचई कोरिया**

# स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे महाप्रबंधक झा

**चरचा कालरी।** एसईसीएल चरचा कालरी प्रबंधन व कर्मचारियों के सहयोग से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली अखिल भारतीय सेशन स्मृति स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ स्थानीय महाजन स्टेडियम के विशाल प्रांगण में 13 जनवरी को मुख्य अतिथि माननीय बी.एन. झा महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र के द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीमती लाल मुनि यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार क्षेत्र प्रबंधक चर्चा आर ओ की उपस्थिति में संपन्न होगा यह प्रतियोगिता 13 जनवरी से शुरू होकर 24 जनवरी तक चलेगी प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति के सचिव डॉक्टर अशोक कुमार विराजी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा आयोजन समिति के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ,संदीप कुमार सह सचिव एम.एच .खान, अशोक निर्मलकर कोषाध्यक्ष मोहम्मद रियाज अहमद सहित समस्त खेल प्रेमी एवं कर्मचारी गण विशेष रूप से सक्रिय है प्रतियोगिता में देश के 15 राज्यों की 16 नामी फुटबॉल टीम में अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगे स्वर्णकार प्रतियोगिता का यह 48 वन वर्ष होगा



चर्च कॉलोनी क्षेत्र में निरंतर कम होते श्रमिकों कर्मचारी के बावजूद प्रतियोगिता का आयोजन अपने आप में सराहनीय है स्वर्ण कप प्रतियोगिता के आयोजन के माध्यम से पूरे देश में चरचा कालरी बैकुंठपुर क्षेत्र कोरिया जिले का नाम जाना जाता है इस प्रतियोगिता में शामिल होकर देश की सभी बड़ी फुटबॉल टीम में अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती हैं। **भाग लेने वाली टीम**-अखिल भारतीय सेशन स्मृति स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में डाउनटाउन हीरोज कश्मीर ,स्पोर्ट्स हॉस्टल मऊ उत्तर प्रदेश, झारखंड एफसी झारखंड, हैदराबाद आर्मी तेलंगाना, लुधियाना एफसी पंजाब, जग्गा यूनाइटेड भुवनेश्वर उड़ीसा, न्यू स्पोर्टिंग क्लब चर्चा छत्तीसगढ़ ,एन एल आई पी ग्वालियर मध्य प्रदेश, फ्रेंड्स जॉर्ज स्पोर्ट्स क्लब केरला, एचडीएफसी पठानकोट पंजाब ,बिहार एफ सी बिहार, गढ़वाल स्पोर्टिंग देहरादून उत्तराखंड ,दिल्ली एफसी दिल्ली ,तमिलनाडु पुलिस तमिलनाडु ,मथुआ मिलन क्लब कोलकाता पश्चिम बंगाल एवं बेंगलुरु कर्नाटक की टीम भाग ले रही है। **अद्वितीय प्रतियोगिता**- देश के खेल इतिहास में 48 वर्षों के आयोजन का रिकॉर्ड रखने वाली यह फुटबॉल प्रतियोगिता अपने आप में बेहद अद्वितीय है इस प्रतियोगिता से चर्चा काली बैकुंठपुर क्षेत्र कोरिया जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाता है यह प्रतियोगिता खेल प्रेमियों के लिए उत्साह एवं हर्ष का केंद्र है।



## श्री राम की कृपा से सब काम हो रहा है

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के दूरस्थ ग्राम पंचायत ग्राम टेमरी में अयोध्या से आये अक्षत कलश का घर घर जाकर वितरण किया गया,साथ ही प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव के हनुमान मंदिर में भंडारा, हरिकीर्तन एवम सार्वजनिक दीपोत्सव के लिये ग्रामीणों को निमंत्रण दिया गया।। आयोजन में अनिल द्विवेदी,अखिलेश द्विवेदी,रितेश दुबे,मुकेश दुबे,धर्मेंद्र कुशवाहा,सच्चिदानंद द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, राजू पंडो,मिथिलेश यादव,अखिलेश यादव,विवेक यादव,प्रेम कुमार,सूरज, संपत एवम रेखा देवांगन,चांदनी,रोशनी, शिमला, बीफइया ,अंजू मुख्य रूप से सम्मिलित हुये।

# दो दिवसीय झुमका जल महोत्सव फरवरी में

### सांस्कृतिक व विभिन्न प्रतियोगिताओं के साक्षी बनेंगे कोरियावासी

**कोरिया बैकुंठपुर।** झुमका जल महोत्सव को लेकर जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह व पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने कल जिला व पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक ली।

बैठक में जानकारी दी गई कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी झुमका जल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज झुमका जल महोत्सव कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। श्री लंगेह ने नगर पालिक परिषद, बैकुंठपुर को तत्काल साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि झुमका जल महोत्सव का आयोजन भव्य हो, इसके लिए तैयारियां जोरों से करने के निर्देश भी दिए हैं। जानकारी के मुताबिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित गीत, नृत्य, पेंटिंग आदि कलाओं की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। स्थल निरीक्षण के दौरान श्री लंगेह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मंच सज्जा, रैम्प आदि का कार्य समय पर करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बेरिकेड्स, मंच सज्जा, लाइट, एलईडी, पीने की पानी, सुलभ शौचालय, आमन्त्रण कार्ड, प्रवेश पत्र, बैनर, पोस्टर व अतिविशिष्ट लोगो की अगुवानी, रुकने, ठहरने, भोजन व्यवस्था आदि की कार्ययोजना बनाकर तत्काल प्रस्तुत करने को कहा गया है। श्री लंगेह ने सुरक्षा सहित कार्यक्रम स्थल पर सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। झुमका जल महोत्सव स्थल पर शासन की विभिन्न योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे ताकि जिलेवासियों को सरकार की योजनाओं के बारे में समुचित जानकारी मिल सके। झुमका जल महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं के प्रतिभा को मंच भी दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित भी की जा सकती है। फरवरी के प्रथम सप्ताह में गुरुवार 1 व शुक्रवार 2 फरवरी को सुबह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक दो दिवसीय आयोजन किया जाएगा। जिला



प्रशासन द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन का कार्यक्रम भी आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री लंगेह ने इस महोत्सव को मनाने के पीछे पर्यावरण संरक्षण, जल का महत्व व प्राकृतिक संसाधनों के प्रति चेतना लाना ही मुख्य उद्देश्य बताया। कोरिया अंचल प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। जिले में पर्यटन स्थलों को बढ़ावा मिले इस उद्देश्य से भी यह आयोजन महत्वपूर्ण है। कोरिया में झुमका जल महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगो में जबरदस्त उत्साह है। विगत वर्ष भी आयोजन किया गया था, जिसे काफी सराहा गया है। बैकुण्ठपुर शहर में स्थित झुमका डैम पर्यटकों के लिए बहुत ही आकर्षक स्थल है। यहाँ के स्थानीय लोगों में यह स्थल घूमने के साथ सुकून की जगह के लिए भी प्रसिद्ध है।

## नि:शुल्क दिए जाएंगे मोटराइज्ड ट्रायसिकल व सुगम्य केन

**कोरिया।** साउथ ईस्टर्न कोल्डफील्डस लिमिटेड के सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्क) जबलपुर द्वारा कोरिया जिले के दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्रायसिकल व सुगम्य केन का मूल्यांकन, परीक्षण उपरांत नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक बैकुंठपुर में 29 जनवरी को मानस भवन में तथा सोनहत जनपद पंचायत के समीप सामुदायिक भवन में 31 जनवरी इन दोनों स्थानों पर सुबह 11 बजे से 4 बजे तक मोटराइज्ड ट्रायसिकल हेतु न्यूनतम 18 वर्ष के अस्थिबाधित जो 80 प्रतिशत दिव्यांग हो वहीं सुगम्य केन के लिए 40 प्रतिशत नेत्रहीन दिव्यांगता को उक्त उपकरण वितरण किया जाएगा। इस शिविर में दिव्यांगों को उनके घर से लाने-ले जाने वाहन व उनके लिए भोजन, पानी की व्यवस्था सम्बन्धित जनपद पंचायत व नगरीय निकाय द्वारा की जाएगी।

## ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के समीप ग्राम पंचायत सलका में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अंबे तिवारी के द्वारा शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर क्रिकेट प्रतियोगिता के खिलाड़ियों सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह पूर्व जनपद सदस्य अनिरुद्ध सिंह चौहान, पूर्व उप सरपंच गणेश बहादुर सिंह बंदना तिवारी भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी चंदन राजवाड़े, भाजयुमो जिला कार्य समिति सदस्य शंकर सिंह भाजपा बूथ के साथी चिंटू भाई, उमेश राजवाड़े तथा ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे। निश्चित तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से जिले में खेल को बढ़ावा मिलेगा।

## जिला स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण ) प्रबंधन समिति की होगी बैठक

**कोरिया।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वच्छ भारत मिशन श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक आज शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभा में आयोजित की गई है। सदस्य सचिव जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लोक स्वास्थ्य ,यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा पंचायत, समाज कल्याण विभाग, आदिवासी विकास विभाग को बैठक में उपस्थित होंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वच्छता को लेकर जिले को कचरा मुक्त बनाने के अभियान छेड़े हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत साफ-सफाई के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। भोजन के पहलर हाथ साफ करना, घर, परिसर व कार्यालयों को साफ रखने के लिए जनभागीदारी अभियान भी चलाया जा रहा है। आम लोगों को खुले मैदान में शौचालय से बचने व घर शौचालय बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छता जीवन का अभिन्न अंग स्वच्छ भारत मिशन आपके संग' के तहत जागरूकता भी जरूरी है।

## धान खरीदी के सम्बन्ध में मुख्य सचिव लेंगे वीडियो कांफ्रेंसिंग

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 13 जनवरी को दोपहर 12 बजे धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी, धान का उठाव, अवैध धान परिवहन, सीमावर्ती राज्यो से अवैध धान परिवहन, अवैध भण्डारण, बारदाना की उपलब्धता, नान व एफसीआई में कस्टम मिलिंग चावल जमा की प्रगति के सम्बंध में जिले के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करेंगे। बता दें समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अंतिम 31 जनवरी है, ऐसे में मुख्य सचिव शेष दिनों में धान आवक की भी समीक्षा करेंगे। वहीं कोचियों, बिचौलियों को रोकने व की गई कार्यवाही के सम्बंध में भी जानकारी अधिकारियों से लेंगे। जिला कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह लगातार धान खरीदी केंद्रों का जायजा ले रहे हैं वहीं लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को हटाया भी जा रहा है तथा शोकाज नोटिस भी जारी की गई है। जिला प्रशासन व राजस्व अधिकारियों द्वारा अवैध धान परिवहन की सूचना मिलते ही अवैध धान व वाहन को जब्त कर कार्यवाही भी की गई है।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, गणतंत्र दिवस एवं महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर बंद रहेगी शराब दुकान

**कोरिया।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विनय कुमार लंगेह ने छत्तीसगढ़ अबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा 1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जिले के अवस्थित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकान, देशी, विदेशी मदिरा दुकान तथा क्लब बार पूर्णत: बंद रहेंगी।

## गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु कलेक्टर विभागों को सौपें दायित्व

**कोरिया।** गणतंत्र दिवस के समारोह को जिले में गरिमामय और हर्षोल्लास से मनाने के लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने समारोह को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय पर्व बताते हुए समारोह की तैयारी गरिमामय करने के निर्देश दिए। मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा। कलेक्टर ने मुख्य समारोह के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो रहेंगे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के लिए ग्राउंड व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका बैकुंठपुर को सौंपी है। वही शामियाना टेंट एवं बैठक व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, माइक व्यवस्था अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (विद्युत/यांत्रिक) बैकुंठपुर, राष्ट्रीय ध्वज की व्यवस्था रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन बैकुंठपुर, मंच पर कारपेट एवं तिरपाल की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरिया, बेरिकेटिंग हेतु बाँस बल्ली की व्यवस्था वनमण्डलाधिकारी बैकुंठपुर एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरिया, बेरिकेटिंग एवं लाइटिंग की व्यवस्था कार्यपालिन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरिया एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन बैकुंठपुर, साज-सज्जा, गमले एवं गुलदस्ते की व्यवस्था सहायक संचालक उद्यान विभाग, विद्युत व्यवस्था कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल एवं एसडीओ ई एंड एम, सफेद कपोत की व्यवस्था उप संचालक पशु चिकिसा सेवा, गुब्बारे की व्यवस्था महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, बैंड की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक एवं जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान, आमंत्रण पत्र की छपाई एवं वितरण की व्यवस्था मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उप संचालक समाज कल्याण, प्रशस्ति पत्र के वितरण एवं छपाई की व्यवस्था सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य अतिथि के सत्कार की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद परिवार को लाने ले जाने तथा रुकवाने की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सर्व थाना प्रभारी, परेड निरीक्षण हेतु खुली जिप्सी पुलिस अधीक्षक एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन, सफेद छाते की व्यवस्था रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन, मुख्यमंत्री छ. ग. शासन के सन्देश एवं समारोह स्थल पर रखने की व्यवस्था जिला जनसम्पर्क अधिकारी, चिकित्सा दल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरिया, उदघोषक को कार्यक्रम (पल-प्रतिपल) की सूची समय पूर्व देने की व्यवस्था सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, तथा फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को दी गई है।



## शासकीय वाहन चालक व यांत्रिकी कर्मचारी संघ का हुआ कलेण्डर विमोचन

**कोरिया।** हम सबके ऊपर बहुत जिम्मेदारी होती है कि समय पर अधिकारियों के पास वाहन लेकर पहुंच जाएं। यह बात छत्तीसगढ़ शासकीय वाहन चालक व यांत्रिकी कर्मचारी संघ द्वारा प्रकाशित कलेण्डर विमोचन के दौरान कोरिया जिले के वाहन चालक संघ के अध्यक्ष जमुना प्रसाद राजवाड़े ने साझा की। श्री राजवाड़े ने बताया कि कलेण्डर विमोचन रायपुर में प्रांताध्यक्ष श्री मनीष ठाकुर के नेतृत्व में किया गया है।

श्री राजवाड़े ने सभी वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कार्यालयीन जिम्मेदारी के दौरान वाहन हमेशा सावधानी के साथ चलाएं साथ ही किसी भी हालत में नशा करके वाहन बिल्कुल भी न चलाएं। श्री राजवाड़े ने कहा कि हम सब शासकीय वाहन चालकों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होते हैं क्योंकि वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर लाने-ले जाने, दौरा करना होता है। ऐसे में हम सबको हरदम चौकन्ना रहकर वाहन चलाना होता है। वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें साथ ही वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें।

## थाना प्रभारियों को अवैध कारोबार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश



**सूरजपुर।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली और नये कानून के बारे में विस्तृत अध्ययन करने के निर्देश दिए, जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने को लेकर जरूरी कदम उठाने को कहा, नशे के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने तथा घटना-दुर्घटना की सूचना पर फौरन मौके पर पहुंचकर राहत बचाव व कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारियों को कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि नशे के कार्यो में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाए, अवैध नशीली पदार्थे की बिक्री किसी भी हालत में नहीं होनी चाहिए, ऐसे धंधे में लिप्त लोगों की सूचना मिलते ही फौरन कार्यवाही की जाए किसी प्रकार की कोताही ना बरते अन्यथा संबंधित प्रभारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने नये कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नये कानून का सभी बारीकी से अध्ययन करें ताकि कार्यो में सुगमता बनी रहे।

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को कहा कि जिन आदतन लोगों के विरूद्ध एनडीपीएस अथवा आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही हुई उन पर निगाह रखे और कार्यवाही करें, क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत बनाए और प्राप्त सभी छोटे-बड़े सूचनाओं पर शत-प्रतिशत कार्यवाही करें। थाना-चौकी क्षेत्र में नशे के विरूद्ध कार्यवाही कराने और लगातार मॉनिटरिंग करने पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने थाना-चौकी में लंबित अपराध व शिकायतें की समीक्षा करते लंबित रहने के कारणों को थाना प्रभारियों से जाना और जल्द निराकरण के निर्देश दिए। क्षेत्र में विजिबल पुलिसिंग करते हुए पुलिस अधिकारी व जवान शहर के चौक-चौराहों में अपनी मौजूदगी बनाए रखे, थाना-चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र में एक्टिव रहकर पूरी ऊर्जा से कार्य करें, पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने की दिशा में उचित कार्यवाही करें, समस्या लेकर फरियादी के थाना-चौकी आने पर उन्हें घुमाए नहीं बल्कि उसके समस्या को गंभीरतापूर्वक सुने और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी रितेश चौधरी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# नियमों को किनारे कर सहायक संचालक पद पर बैठाया व्याख्याता को, मनमानी हावी

## स्कूल शिक्षा मंत्री तक पहुंचा मामला



**कोरबा।** कारण और कृपा चाहे जिसकी भी रही हो, कोरबा में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक पद पर ऐसे व्यक्ति को पदांकित करने का काम किया गया है जिसका मूल पद व्याख्याता का है। छिंदपुर विद्यालय में उसकी पदस्थापना है और वह शिक्षा कार्यालय में सहायक संचालक बनकर बैठा है। प्रशासन के साथ-साथ राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री की जानकारी में यह बात लायी गई है। इससे मामले में कई सवाल उठ खड़े हुए हैं।

भारत सरकार के आकांक्षी जिले में शामिल कोरबा से यह मामला संबंधित है। जहां पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर पिछले वर्ष के.आर.डहरिया को कथित रूप से पदस्थ कर दिया गया। सूचनाओं के मुताबिक वे छिंदपुर हाईस्कूल में व्याख्याता हैं। नियमों के अंतर्गत प्राचार्य के समकक्ष कार्मिक को ही इस पद पर काबिज किया जा सकता है और सेवा ली जा सकती है, अन्य किसी को नहीं। पिछली कांग्रेस सरकार ने कई प्रकार के समीकरण पर काम करने के साथ नियमों से परे जाकर चहेतों को उपकृत करने के लिए काम हुआ। इसी कड़ी में अनेक विभागों में इस प्रकार की गड़बड़ियां हुईं। राजनीतिक दल से जुड़े राजकुमार दुबे ने शिक्षा विभाग से संबंधित इस गड़बड़झाले को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से लिखित शिकायत कर इस पद पर काम कर रहे डहरिया को मूल पदस्थापना के लिए मुक्त करने और शिक्षा कार्यालय में नए विकल्प देने के लिए मांग की है। पत्र में कहा गया है कि कोरबा जिले में प्राथमिक और माध्यमिक शाला में पदोन्नति के दौरा शिक्षा विभाग के स्तर पर की गई नई पदस्थापना से पूर्व काउंसलिंग में जमकर घालमेल किया गया। इसे लेकर न केवल आरोप लगे बल्कि कई तरह की चीजें स्पष्ट हुईं। तमाम तरह की तस्वीर साफ होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक संचालक को जानबूझकर काउंसलिंग समिति में शामिल किया। इससे पदोन्नति पदांकन की पूरी प्रकिया न केवल सवालों के घेरे में आई बल्कि असंतोष के साथ मनमानी को बल मिला। इसके बाद असंतुष्ट होकर अनेक शिक्षकों ने हाईकोर्ट की शरण ली। वहां शासकीय अधिवक्ता ने सहायक संचालक के कृत्य से अवगत कराया। जिस पर दो वेतनवृद्धि रोक दी गई। पदोन्नति और पदांकन मामले में शिक्षा विभाग का सिंडिकेट खासतौर पर अपनी भूमिका निभाने में शामिल रहा और इसके चक्कर में अनेक शिक्षकों की जेब ढीली हुई और जिन लोगों ने शिथिलता दिखाई उन्हें जानबूझकर रिमोट एरिया में भेजकर परेशान किया गया। लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार दुबे ने प्रदेश सरकार के पास इस शिकायत के परिप्रेक्ष्य में कई चीजें भी शामिल की है और अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है।

## विस्फोटक लोड वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**कोरबा।** एसईसीएल की बांकीमोंगरा कोयला खदान के पास बायपास मार्ग पर बारुद से भरी एक ट्रक अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसें में ट्रक चालक को मामूली चोट लगी है,जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है,जहां उसका उपचार जारी है। घटना बीती रात करीब 12 बजे सामने आई। बताया जा रहा है,कि ट्रक मुंबई से कुसमुंडा की तरफ आ रही थी इस बीच रास्ते में बोलेरो सवार सात लोगों ने ट्रक में हमला कर दिया। बचाव में चालक ने ट्रक को बैक किया जिससे वह पलट गई। घटना की सूचना थाने को नहीं दी गई है। पुलिस ने बताया,कि शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

## भाषण प्रतियोगिता में शिवम प्रथम

**कोरबा।** युवा मोर्चा के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। सस्वती शिशु मंदिर रजगामार में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में शिवम पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । इस दौरान प्रचार्य अलख नारायण शर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष धनजंय चौहान, आकाश ,खलाना, कन्हैया राठौर, संजयकश्यप मनजीत सहित अन्य कार्यक र्ता उपस्थित थे। कोरकोमा हाई स्कूल में भी भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। इस दौरान लक्ष्मी श्रीवास, सुमित वर्मा, राजू गुप्ता हेमलाल भारिया, दिनेश तिवारी रामायण राठिया मौजूद रहेंगे।

## रामनामी समाज का सम्मान आज

**कोरबा।** शरीर पर राम नाम लिखने के साथ हमेशा भक्तिभाव में लगे रहने वाले रामनामी समाज की उपस्थिति जिले में काफी संख्या में है। गीतांजलि भवन में आज शाम 4 बजे इनका सम्मान रामनामी सम्मान समारोह से किया जाएगा। संयोजक संतोष खरे ने बताया कि राम जन्मभूमि का मंदिर निर्माण के साथ ऐसे संदर्भों को याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह आयोजन आज होना है।



**कोरबा।** सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से शुरू हो रहा है। जिले में इस दौरान कई गतिविधियों होंगे। यातायात पुलिस का हाथ बंटाने आगे आए नेहरू युवा केंद्र के 25 स्वयंसेवकों की टीम अपने संचालक एस.के.डे के नेतृत्व में कल दोपहर यातायात थाना पहुंची। वहां सड़क सुरक्षा माह अभियान को लीड कर रहे एएसआई मनोज राठौर एवं प्रधान आरक्षक साहेबलाल खटकर, आरक्षक टिकेश्वर साहू, रवि मकाले, राजेश सिदार एवं प्रेम सिंह से मिलकर इस पूरे अभियान में 15 दिनों तक अपनी नि:शुल्क सेवाएं देने की पेशकश की।

## धर्म सेना ने रक्तदान शिविर लगाया

**कोरबा।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर धर्म सेना ने युवा दिवस के रूप में मनाते हुए कई स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाया पाली कटघोरा व कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारे दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवाओं में अलख जगाने का प्रयास किया जा रहा है। कई क्षेत्रों में प्रतिदिन भगवान राम की महाआरती की जा रही है। इसके अलावा रक्तदान शिविर में जिलाध्यक्ष साकेत शर्मा, नरेश राजपूत, रौशन साहू, राधेश्याम सिंह, दीपक पटेल प्रकाश शर्मा, विष्णु पटेल के अलावा कई कार्यकर्ता लगे हुए है।

## सीएमपीएफ विसंगति को लेकर बीएमएस ने किया प्रदर्शन



**दीपका।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन बिलासपुर गेवरा क्षेत्र एवं दीप का क्षेत्र में विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए कोयला मंत्री के नाम क्षेत्रीय महाप्रबंधक के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन बिलासपुर के अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, महामंत्री अशोक सूर्यवंशी, राम नारायण साहू, रमेश गुरुद्वान, बनवारी लाल चंद्र, वीरेंद्र राठौड़, कुलदीप सिंह ,मुकुल, लवलेश भार्गव, संतोष पटेल, तेजराम जायसवाल, अजय राठौर, रामचंद्र प्रजापति संजय जयसवाल, राजेश राठौर, रामलाल साहू, मणिकांत सहित बड़ी संख्या में भारतीय मजदूर संघ के सदस्य एवं ठेका मजदूर कामगार उपस्थित थे।

## चरचा कॉलरी में सिस्टा की बैठक

**कोरबा।** सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.पी.खांडे ने चरचा कॉलरी का दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं की बैठक ली। यहां पर उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए और रोस्टर नियमों के संबंध में जानकारी दी। इसके पहले उन्होंने बैकुंठपुर में आयोजित एसईसीएल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एसपी ने होटल-ढाबों में सख्त चेकिंग करने मातहतों को किया रिचार्ज



कोरबा। प्रदेश की राजधानी रायपुर, न्यायधानी बिलासपुर में इन दिनों जिस तरह से होटल-ढाबों में संगीन अपराध हो रहे हैं उसकी पुनर्रावृत्ति ऊर्जाधानी कोरबा में न हो, इसे देखते हुए एसपी जितेंद्र शुक्ला ने अपने मातहतों को रिचार्ज करते हुए होटलों, ढाबों एवं विशेषकर धर्मशालाओं में लगातार डे-नाइट वहां आने-जाने वालों की चेकिंग करने के लिए रिचार्ज किया है।

एसपी के आदेशों को अमलीजामा पहनाते हुए सिटी कोतवाली टीआई अभिनवकांत सिंह ने कल अलग-अलग टीमें बनाकर शहर के बैंकों, एटीएम एवं होटल-ढाबों तथा धर्मशालाओं में आने-जाने वाले स्थानीय एवं बाहरी लोगों के रिकार्डों की छानबीन शुरू करवा दिया। इसी कड़ी में बैंकों, एटीएम आदि में जांच के लिए एएसआई टंकेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक ललित खरसन व अन्य स्टाफ को चेकिंग करने की जवाबदेही दिया। वहीं दूसरी ओर उन्होंने होटल और ढाबों, लॉजों एवं धर्मशलााओं तथा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि क्षेत्रों में अजनबियों से लेकर स्थानीय असामाजिक तत्वों की गहन छानबीन व जांच करने के लिए एएसआई अजय सिंह ठाकुर, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, सुनील राजपूत एवं सिदार को रवाना किया। इस दौरान पुलिस की टीम ने लगभग एक दर्जन से ज्यादा बैंक व एटीएम की सुरक्षा की जानकारी लेने की साथ ही शहर के सभी होटलों एवं ढाबों व लॉजों के रिकार्ड भी जांचे।

## खरीदी केंद्र खुलने पर भी नहीं बनी पक्की सड़क

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र में शामिल ग्राम पंचायत नकटीखार की सड़क कई वर्ष बीतने के बाद भी पक्की नहीं हो सकी है। सड़क का एक सिरा रिस्दी रिंग रोड से जुड़ा है तो दूसरा क्षेत्र नगर निगम के खरमोरा को जोड़ता है। इन दोनों मार्गों के बीच की सड़क पिछले कई वर्षों से कच्ची पड़ी है। जहां-तहां यह उबड़-खाबड़ स्थिति में है। इसे डामरीकृत कराने की मांग लोग और उनके प्रतिनिधि करते रहे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में धान की पैदावार करने वाले किसानों को सुविधा देने के लिए इसी मार्ग पर सरकार की ओर से धान उपार्जन केंद्र की व्यवस्था तीन वर्ष से कराई गई है। माना जा रहा था कि ऐसा होने से कच्ची सड़क के दिन बदल सकते हैं लेकिन यह सोचना गलत साबित हुआ। विधानसभा चुनाव से पहले भी इलाके के लोगों ने इस मामले को लेकर आपत्ति जताई थी और सबक सिखाने को कहा था। इन सबके कोई खास नतीजे नहीं आ सके। वर्तमान में इस रास्ते से होकर आवाजाही करने वाले जन सामान्य के साथ-साथ किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके ठीक उल्टे इस रास्ते का एक बड़ा हिस्सा लंबे समय तक बर्बाद रहा। लगातार हो रही शिकायत के बाद आखिरकार नगर निगम ने अपने क्षेत्राधिकार की सड़क को डामरीकृत कर लिया है।






स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com